दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 87
कोटद्वार शनिवार
22 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## ज्ञानवापी परिसर का होगा एएसआई सर्वे, जिला अदालत में हिंदू पक्ष का आवेदन मंजूर

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी परिसर में वजूस्थल को छोड़कर परिसर के सर्वे वाली याचिका पर आदेश आ गया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने मां श्रृंगार गौरी मूल वाद में ज्ञानवापी के सील वजूखाने को छोड़कर बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रडार तकनीक से सर्वे कराने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि एएस-ाआई बताए कि किस तरह से और कैसे सर्वे होगा कि ज्ञानवापी परिसर में किसी भी तरह का नुकसान न हो। सर्वे के संबंध में पूरी तैयारी के साथ एएसआई चार अगस्त तक रिपोर्ट दाखिल करे। इसके साथ ही मुकदमे की सुनवाई की अगली तिथि अदालत ने चार अगस्त नियत की है।

अदालत में हिंदू पक्ष की चार वादिनी रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी और सीता साहू की तरफ से बीते 16 मई को प्रार्थना पत्र दिया गया था। कहा गया था कि ज्ञानवापी में सील किए गए वजूखाना को छोड़कर बाकी क्षेत्र का एएसआई से रडार तकनीक से सर्वे कराया जाए। इस पर 19 मई को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति की थी। 14 जुलाई को सुनवाई पूरी हो गई थी। तब कोर्ट ने आदेश के लिए पत्रावली सुरक्षित रखते हुए सुनवाई के लिए 21 मई की तिथि तय की थी।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की पैरवी के लिए सरकारी वकील नियुक्त, आदेश जारी

## पूर्व में सरकारी वकील कर रहे थे मामले की पैरवी, स्वजनों ने लगाया था कमजोर पैरवी का आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की पैरवी के लिए सरकार ने अधिवक्ता अवनीश नेगी को सरकारी वकील नियुक्त किया है। पूर्व में अंकिता हत्याकांड में सरकार की ओर से एक अधिवक्ता को सरकारी वकील नियुक्त किया गया था, लेकिन अंकिता के परिजनों ने सरकारी वकील पर आरोप लगाया था कि वह अदालत में मामले की कमजोर पैरवी कर रहे हैं, जिसके बाद अब वकील बदल दिया गया।

अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी की इच्छा से नए वकील की नियुक्ति की है। इस संबंध में शासन ने आदेश जारी किए हैं। सरकार ने इस मामले में सरकारी वकील (विशेष लोक अभियोजक) अंकिता के पिता की पसंद का नियुक्त किया है। पूर्व में अंकिता हत्याकांड में सरकार की ओर से जिस अधिवक्ता को सरकारी वकील नियुक्त किया गया था, लेकिन अंकिता के परिजनों ने सरकारी वकील पर आरोप लगाया था कि वह अदालत में मामले की कमजोर पैरवी कर रहे हैं। इसके बाद 19 जुलाई 2022 को अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी ने जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान को पत्र लिखकर इच्छा जताई कि वह इस मामले में अवनीश नेगी पूर्व डीजीसी क्रिमिनल को विशेष लोक अभियोजन नियुक्त किया जाए। जिलाधिकारी ने इस पत्र को शासन की अनुमति के लिए भेजा था। शासन ने अंकिता के पिता की इच्छा के अनुसार ही अवनीश नेगी को सरकारी वकील नियुक्त किया है। अब वे इस मामले की अदालत में पैरवी करेंगे। बता दें कि अंकिता हत्याकांड को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुरू से एक्शन मोड में नजर आए। पहले मामले की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री धामी ने इस मुकदमे को राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को ट्रांसफर कराया। साथ ही परिजनों के साथ अभिभावक की तरह खड़े रहे और परिवार को 25 लाख की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सरकार की ओर से तत्काल एसआईटी गठित की गई। विपक्ष ने एसआईटी के बजाय मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिसे हाईकोर्ट ने खारिज किया।



फाइल फोटो अंकिता भंडारी

### यह था पूरा मामला

अंकिता भंडारी वनंतारा रिसॉर्ट की रिसेप्शनिस्ट थीं। अंकिता को आखिरी बार पुलकित आर्य के साथ रिसॉर्ट में 18 सितंबर 2022 को देखा गया था, जबकि उनका शव छह दिन बाद 24 सितंबर को चिल्ला पावर हाउस के पास शक्ति नहर से पुलिस ने बरामद किया था। इस दौरान मुख्य आरोपी पुलकित ने खुद को पाक-साफ दिखाने के लिए राजस्व पुलिस में अंकिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। अंकिता के परिवार वालों का आरोप था कि इस मामले में राजस्व पुलिस पहले हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और फिर बाद में 22 सितंबर को इस मामले को नियमित पुलिस के हवाले किया गया था। फिलहाल इस मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है और केस कोर्ट में है।

# मणिपुर हिंसा: विपक्ष ने किया जोरदार हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में मणिपुर में हिंसा को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का भारी हंगामा शुक्रवार को भी जारी रहा, जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो पाया और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने एक बार के स्थगन के बाद 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए एवं नारे लगाते हुए सदन के बीचों-बीच आ गए। श्री अग्रवाल ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाए, लेकिन इस दौरान भी सदस्यों का हंगामा जारी रहा।



हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दोहराया कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा चाहती, लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं है। उनका कहना था कि सरकार लगातार स्पष्ट कर रही है कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार है। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों को शांत रहने, लोकहित के मुद्दों पर चर्चा करने और अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा कर रहे सदस्यों ने उनकी एक नहीं सुनी। हंगामा बढ़ता गया इसे देखते हुए श्री अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सुबह 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया, विपक्षी सदस्य तख्तियां लेकर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हंगामे के बीच सदन को आश्वस्त किया कि सरकार विपक्ष की मांग के अनुसार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन उनकी बात का सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ और हंगामा जारी रहा तो अध्यक्ष ने 12 तक सदन की कार्यवाही स्थगित की।

मणिपुर में करीब तीन महीनों से जारी हिंसा के बीच दो महिलाओं को निर्वस्त्र अवस्था में घुमाने के दिल दहलाने वाले वीडियो ने देश को शर्मसार कर दिया है। गैंगरेप के बाद महिलाओं को नग्न अवस्था में घुमाने की यह शर्मनाक वारदात चार मई की बताई जा रही है, लेकिन इतने दिनों तक कोई कार्रवाई न होने पर देश भर में रोष देखा जा रहा है। गुरुवार को इस मुद्दे पर संसद ठप हो गई, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कार्रवाई करने की हिदायत दी, मणिपर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी ही पार्टी के झंडे जलाए, देश भर में घटना के खिलाफ प्रदर्शन हुए और पहली बार मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतिक्रिया देनी पड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका हृदय पीड़ा और क्रोध से भरा हुआ है। यह घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## पौड़ी जिले में गुलदार ने महिला को बनाया अपना निवाला



पौड़ी। जिले के रिखणीखाल विकास खंड के गांव निवासी ग्रामीण महिला को गुलदार ने हमला कर मार डाला। महिला रथुवाढ़ाब के नजदीक जंगल में घास लेने गयी थी।इस घटना से इस इलाके में दहशत फैल गयी। गौरतलब है कि कार्बेट टाइगर रिज़र्व से सटे इस इलाके में बाघ खुलेआम घूमने लगे हैं। बाघों ने ग्रामीणों को निवाला भी बनाया। बाघ व गुलदार की दहशत से कई दिन स्कूल भी बन्द करने पड़े। स्थानीय विधायक दिलीप रावत सरकार से कई बार ग्रामीणों की सुरक्षा की गुहार लगा चुके हैं।


IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# मुख्य सचिव ने ली युवा महोत्सव–2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ.एस.एस. संधु ने सचिवालय में राज्य में युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की जानकारी युवाओं तक पहुँचाने हेतु आयोजित किए जा रहे युवा महोत्सव–2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की। कौशल विकास विभाग अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में युवा महोत्सव आयोजित करने जा रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से राज्य सरकार के सभी विभाग अपनी कौशल विकास और रोजगारपरक योजनाओं को युवाओं के समक्ष रखेंगे। इस महोत्सव के दौरान सभी विभाग युवाओं के लिए अपने स्टॉल लगाएंगे, युवाओं के लिए काउंसलिंग सेशन और प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेंगे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को युवा महोत्सव गढ़वाल एवं कुमाऊँदोनों मंडलों में आयोजित किए जाने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने राज्य के युवाओं हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँचाने हेतु प्रत्येक जनपद में इसका लाइव टेलीकास्ट किए जाने के भी निर्देश दिये। इसके लिए शिक्षा विभाग की प्रदेशभर संचालित 500 वर्चुअल कक्षाओं को भी उपयोग में लाया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को उचित एवं पूर्ण जानकारी मिल सके इसके लिये विशेषज्ञों को भी इसमें शामिल किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगायी जाने वाली प्रदर्शनियों को भी अधिक से अधिक समय तक लगाए जाने के निर्देश भी दिये, ताकि अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें।

इसके साथ ही मुख्य सचिव द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में संचालित 500 वर्चुअल कक्षाओं को विभिन्न प्रकार की काउंसलिंग, व्याख्यान और जानकारियों को छात्र छात्राओं तक पहुँचाने हेतु नियमित रूप से उपयोग में लाए जाने के भी निर्देश दिये गए। मुख्य सचिव ने कहा कि युवाओं को आगे भी राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी मिलती रहे इसके लिए मोबाइल ऐप भी तैयार किया जाए। सभी विभागों द्वारा संचालित ऐसी योजनाओं की जानकारी इस ऐप में उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

# आपदाओं से निपटने के लिए अधिकारी निरंतर सतर्क और सक्रिय रहें : अग्रवाल

उत्तरकाशी : कैबिनेट और प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल ने आपदाओं से निपटने के लिए अधिकारियों को निरंतर सतर्क और सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रभावितों को जल्द राहत पहुंचाने का काम प्राथमिकता के साथ करने को कहा। अग्रवाल ने बांध प्रभावित जोशियाड़ा में जलभराव की समस्या का तात्कालिक समाधान के लिए मौके पर आपदा प्रबंधन सचिव से फोन कर जरूरी उपाय के निर्देश दिए। साथ ही बैठक से नदारद ऊर्जा निगम बड़कोट का स्पष्टीकरण तलब किया। दो दिवसीय भ्रमण पर उत्तरकाशी पहुंचे प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने शुक्रवार को एनआईएम स्थित हॉल में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आपदा कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए जिले में आपदा से हुए नुकसान की जानकारी ली। अग्रवाल ने कहा कि जिले में जितनी भी सड़कें बंद पड़ी हैं उनको तत्काल खोलें। खासकर कई दिनों से बाधित आराकोट चिवां मोटरमार्ग को तत्काल खोलने को कहा। क्षतिग्रस्त पेयजल लाईनों की मरम्मत का जल्द पूरा करने की हिदायत दी। बिजली की सुचारू आपूर्ति पर जोर दिया। कहा कि एक सप्ताह के बाद आपदा कार्यों की समीक्षा की जाएगी। गंगोत्री धाम में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखने सहित दूरस्थ पिलंग-जौड़ाऊगांव के बीच पुलिया के बह जाने से बाधित संपर्क को बहाल करने के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड बड़कोट की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण माँगते हुए कहा कि मानसूनकाल में सभी अधिकारी अपने मुख्यालय पर रहकर 24 घंटे मोबाईल हमेशा खुले रखें। बैठक में विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, डीएम अभिषेक रूहेला, एसपी अर्पण यदुवंशी, सीडीओ गौरव कुमार, एडीएम तीर्थपाल सिंह, एसडीएम चतर सिंह चौहान, एसडीएम डुंडा मीनाक्षी पटवाल, डीएफओ डीपी बलूनी, उप निदेशक रंगनाथ पाण्डेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल आदि थे। (एजेंसी)

### अधिकारियों ने नुकसान की जानकारी दी

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में विभिन्न घटनाओं में कुल 8 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। 6 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए थे। आपदा के कारण 2 भवन पूर्ण रूप से, 8 मकान तीक्ष्ण रूप से तथा 113 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। दो गोशालाओं को भी नुकसान पहुंचा है और 38 छोटे व 13 बड़े पशुओं की मुत्यु हुई। अधिकांश मामलों में प्रभावित को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराई गई है।

### कैबिनेट मंत्री ने किया भूस्खलन प्रभावित जोनों का निरीक्षण

अपने भ्रमण के दौरान कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने विधायक और डीएम के साथ मनेरा बाईपास, दिलसौड़ मार्ग, मातली, चामकोट, बंदरकोट, रतूड़ीसेरा, धरासू आदि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर प्रशासन एवं सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से इन भूस्खलन क्षेत्रों के उपचार के बारे में जानकारी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव डा.एसएस संधु को छह माह का सेवा विस्तार

देहरादून। केंद्र सरकार ने मुख्य सचिव डा. एसएस संधु को छह माह का सेवा विस्तार दे दिया है। वे जनवरी, 24 तक अब यह जिम्मेदारी संभालेंगे। 88 बैच के आईएएस संधु का कार्यकाल इसी माह 31 जुलाई को खत्म हो रहा था। इस बीच राज्य सरकार की तरफ से उन्हें सेवा विस्तार देने का प्रस्ताव भेजा गया था। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय ने इस पर अपनी सहमति दे दी है।मंत्रालय के अनुसचिव भूपेंद्र पाल सिंह ने इसके आदेश किए हैं। राज्य सरकार इस आदेश की प्रति भी मिल गई है। अब कार्मिक विभाग की तरफ से उनके सेवा विस्तार के औपचारिक आदेश होने बाकी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के अनुरोध पर वर्ष 2021 में संधु को केंद्र से वापस मूल काडर के लिए रिलीव कराया गया था। तब वे एनएचआई के चेयरमैन के पद पर तैनात थे।

### मणिपुर में नारी शक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं: भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मणिपुर प्रकरण की कड़ी भर्त्सना की। उन्होंने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि इस तरह के घटनाएं किसी भी सूरत में समाज में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। शुक्रवार दोपहर भाजपा के बलवीर रोड स्थित मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में भट्ट ने मणिपुर घटना पर दुख जताया। कहा कि पार्टी के लिए सैद्धांतिक, वैचारिक और व्यवहारिक सभी पहलुओं में मातृ शक्ति का सम्मान और स्वाभिमान सर्वोपरि है। इस तरह की वीभत्स और शर्मनाक घटनाओं को लेकर आवाज उठाने वाले सभी पक्षों के साथ पार्टी हमेशा खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस प्रकरण पर संयम की अपील की है। गृह मंत्री अमित शाह भी मामले पर नजर रखे हुए हैं। स्थिति सामान्य हो रही है और दोषियों पर कानूनी शिकंजा कसना भी शुरू हो गया है।

### बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे मागटी गांव के ग्रामीण

विकासनगर। हाल के दिनों हो रही भारी वर्षा से जहां सभी स्रोत नदी नाले खाले उफान पर हैं, लेकिन मागटी के ग्रामीण पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। पूरा गांव पेयजल के लिए एक हैंडपंप पर निर्भर है। लोगों ने जल संस्थान व निगम कर अधिकारियों पर उनकी सुध नहीं लेने का आरोप लगाया है।

ग्रामीण पुरोड़ी छुटऊ तोक समूह पेयजल योजना व सवाई डांडा पेयजल योजना में पानी न आने से परेशान हैं। ग्रामीणों ने जल संस्थान व जल निगम के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीण गम्भीर सिह चौहान, अमर सिह, सोनू खन्ना, सुनील चौहान, प्रवीन खन्ना, सजीता देवी, अरविंद राणा, अनिता, तनीष, आदि का कहना है की पिछले चार दिनों से गांव को जलापूर्ति करने वाली दोनों पाईप लाइनों से पानी नहीं आ रहा है।

# कांवड़ मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को नवाजा

ऋषिकेश। एसडीआरएफ मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कांवड़ मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को जौलीग्रांट स्थित एसडीआरएफ मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने कांवड़ मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एसडीआरएफ कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ ने कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संवेदनशील स्थानों पर नियुक्त कर्मियों ने कांवड़ियों को रेस्क्यू कर कई लोगों को जीवनदान दिया है। कांवड़ मेले से इन्हें भीड़ नियंत्रण का सर्वोत्तम व्यावहारिक ज्ञान मिल गया है। उन्होंने मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उत्तराखंड के एसडीआरएफ पोस्टों पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का मासिक सम्मेलन किया। कहा कि एसडीआरएफ की समस्त टीमें रेस्क्यू उपकरणों के साथ एक्टिव मोड़ पर मौजूद है। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि सभी यह प्रयास करें कि अनावश्यक रूप से अवकाश का प्रयोग न हो। केवल विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश लिया जाए। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ के 25 जवान पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में 28 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटे हैं।

### साहित्यकार धर्मानंद की पुस्तक का विमोचन

ऋषिकेश। साहित्यकार धर्मानंद लखेड़ा द्वारा लिखित निकले जो सफर पर पुस्तक का विमोचन हुआ। इस पुस्तक में सहस्त्रताल, टौंस घाटी से यमुना घाटी, मध्यमहेश्वर, रूपकुंड आगाज़–ए–दोस्ती (हुसैनीवाल), करतारपुर साहिब व वियतनाम की यात्रा वृतांत है। शुक्रवार को शीशम झाड़ी स्थित लक्ष्मी होमस्टे में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि यह यात्रा वृतांत बेहद रोचक है। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि यात्राएं हमारे जीवन को एक नई दृष्टि देती हैं, नहीं तो जीवन ठहर जाता है। अधिवक्ता शीशराम कंसवाल ने कहा कि उन्होंने जीवन में अपनी पहली यात्रा 13 साल की उम्र में की थी, जिसकी यादें अभी भी उनके स्मृति पटल में है। धर्मानंद लखेड़ा ने कहा कि उनका लेखन के साथ यह पहला प्रयास है।

# दून सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष ब्रिगेडियर (रि.) के जी बहल ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में दून सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष ब्रिगेडियर (रि) के जी बहल ने शिष्टाचार भेंट की। ब्रिगेडियर बहल ने राज्यपाल को अंग्रेजी में अनुवादित पुस्तक 'भगवत गीता' भेंट की। उनके द्वारा भगवत गीता को अंग्रेजी काव्य में अनुवाद किया गया है। उन्होंने राज्यपाल से इस पुस्तक के विमोचन के लिए भी आग्रह किया।

राज्यपाल ने ब्रिगेडियर बहल के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही उनके द्वारा किए गए गीता के अंग्रेज़ी काव्य रूपी अनुवाद का लाभ कई लोगों को होगा। गीता का अंग्रेजी भाषा के अलावा अन्य भाषाओं में पहले भी अनुवाद किया जा चुका है, इससे गीता के संदेश जन–जन तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि गीता एक ऐसा अद्भुत ग्रंथ है जो पूरी दुनिया और मानव जाति के लिए है व उसके संदेश शाश्वत हैं। राज्यपाल ने इस पुस्तक की प्रशंसा की और पुस्तक के विमोचन के लिए अपनी सहमति भी व्यक्त की।

# मणिपुर में महिलाओं से हिंसा पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन



देहरादून। मणिपुर में महिलाओं के साथ यौन शोषण के अलावा वहां पर हो रही हिंसा के मामले में दून में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उन्होंने केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। शुक्रवार को बड़ी संख्या में महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी और महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष उर्मिला थापा की अगुवाई में कार्यकर्ता एश्ले हॉल चौक पर पहुंचे। केंद्र एवं मणिपुर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। गोगी एवं थापा ने कहा कि केंद्र और मणिपुर दोनों में भाजपा की सरकार है, लेकिन दोनों सरकार मणिपुर हिंसा के मामले में दोनों बुरी तरह विफल रही हैं। तीन महिलाओं के साथ यौन हिंसा के शर्मनाक मामले ने पूरे देश को शर्मसार किया है। केंद्र सरकार देश में संवेदनशीलता के साथ कार्य नहीं कर रही है। सरकार जल्दबाजी में फैसले लेकर जनता को समस्या में डाल रही है। नोटबन्दी, अग्निवीर योजना भी इनके उदहारण है।

### कूड़ा उठाने का शुल्क बढ़ाने पर भड़के लोग

टिहरी : माकपा के राज्य कमेटी के सदस्य भगवान सिंह राणा ने नगर पालिका परिषद नई टिहरी के द्वारा घरों से कूड़े के निस्तारण का शुल्क सीधे 30 से 50 रुपये बढ़ाये जाने पर विरोध दर्ज किया है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शुल्क में करीब 70 प्रतिशत की एकमुश्त बढ़ोतरी करने का निर्णय गैर तार्किक और अयथार्थ वादी है।

इसलिए अस्वीकार्य भी है। माकपा पार्टी का कहना है कि निश्चित ही यह निर्णय पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक में लिया गया होगा। जिसमें जनता के चुने हुए प्रतिनिधि निर्णय लेते हैं। जनप्रतिनिधि जिनको जनता के हित के लिए सदन में आवाज उठाने के लिए भेजा जाता है।

# आवारा पशुओं को कांजी हाउस में शिफ्ट करने की मांग

उत्तरकाशी : बड़कोट नगर क्षेत्र में लंबे समय से लावारिस पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे नगर वासियों को बाजार में चलना दूभर हो गया है। साथ ही रास्तों में गंदगी भी पसरी रहती है। इस समस्या के समाधान को लेकर जय हो ग्रुप के सदस्यों ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर नगर क्षेत्र के लावारिस पशुओं को कांजी हाउस में शिफ्ट करने की मांग की।सामाजिक चेतना की बुलंद आवाज जय हो ग्रुप के सदस्यों ने नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं की अत्यधिक संख्या होने से नगर वासियों को हो रही परेशानी से उपजिलाधिकारी को अवगत कराया तथा कहा कि नगर पालिका का आवारा पशुओं के लिए कांजी हाउस भी निर्मित है, लेकिन पशु नगर क्षेत्र के रास्तों में जगह जगह डेरा डाले हुए हैं। जिस कारण कई बार पशुओं ने लोगों को चोटिल भी कर दिया है। नगर पालिका से नगर वासी लगातार मांग कर रहे हैं कि नगर क्षेत्र में घूमने वाले आवारा पशुओं को कांजी हाउस में शिफ्ट किया जाय लेकिन कोई सुध नहीं ली जा रही है। उन्होंने एसडीएम से मांग की है निर्मित कांजी हाउस में आवारा पशुओं को शिफ्ट किया जाय, जिससे लोगों को नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं से निजात मिल सके। ग्रुप के संयोजक सुनील थपलियाल ने कहा कि ये पशु नगर क्षेत्र में परेशानी में और नगर वासियों के लिए मुसीबत का सबब भी बने हुए हैं। लिहाजा नगर पालिका द्वारा निर्मित कांजी हाउस में सभी आवारा पशुओं को रखने की व्यवस्था की जाय।

### अंग्रेजी शराब के साथ एक पकड़ा

टिहरी : पुलिस ने सबधारखाल क्षेत्र के बकरोडा गांव में छापा मारकर अवैध अंग्रेजी शराब के 48 पव्वे और आठ अद्धों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। देवप्रयाग नगर पालिका क्षेत्र के बाहबाजार थाना प्रभारी सुनील पंवार ने बताया कि बकरोड़ा गांव में अवैध शराब बेचे जाने की शिकायत मिल थी।

# इंटीग्रेटेड टाउनशिप के नाम पर विपक्ष कर रहा झूठा भ्रामक प्रचार: राजेंद्र तड़ियाल

ऋषिकेश। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि डोईवाला में नए शहर बसाने की किसी भी प्रकार की शासन द्वारा संस्तुति नहीं की गई है।

उसके बाद भी नए शहर बसाने के नाम पर कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर जनता को बहका रही है। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा और जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता ऋषिकेश में शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल से मिले। उन्होंने कहा कि डोईवाला में कांग्रेस प्रदेश सरकार द्वारा नया शहर बसाने की बात की रही है। जिस पर मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने कहा कि स्मार्ट सिटी के संबंध में कोई भी प्रस्ताव अभी पारित नहीं किया गया है। विपक्ष झूठा भ्रामक प्रचार कर क्षेत्र की भोली भाली जनता को बरगला रहा है। उन्होंने लोगों से किसी के बहकावे में न आने की अपील की। भाजपा महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि विपक्ष जो काम 70 सालों में नहीं कर पाया, मोदी सरकार अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में उससे अधिक कर चुकी है। ऐसे में कांग्रेसी भाजपा सरकार की लोकप्रियता से घबराकर लोगों को बहका रही है।

### शिवाजीनगर में 130 बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा

ऋषिकेश। शिवाजीनगर में कई बीघा भूमि पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। कहीं घराट के लिए मिली भूमि का निजी इस्तेमाल हो रहा है, तो कहीं खाली पड़ी जमीनों की घेरबाड़ की जा रही है। कई मामलों में कब्जाधारी जमीन के हक संबंधी दस्तावेज भी पेश नहीं कर पा रहे हैं।

पार्षद ने ऐसी जमीनों को कब्जे में लेने के लिए नगर निगम को पत्र दिया है। उन्होंने इन जमीनों का सौंदर्यीकरण कर जनहित में इस्तेमाल करने की मांग की है। पार्षद जयेश राणा के मुताबिक शिवाजीनगर में करीब 130 बीघा खाली पड़ी भूमि कई लोगों के कब्जे में है।

# डीएम अध्यक्षता में हुई प0 दीन दयाल उपाध्याय (कोरोनेशन) राजकीय जिला चिकित्सालय देहरादून की संचालक मण्डल की बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जिलाधिकारी आवास पर प0 दीन दयाल उपाध्याय (कोरोनेशन) राजकीय जिला चिकित्सालय देहरादून की संचालक मण्डल की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकाधिकारी ने जिला चिकित्सालय में प्रसव दर कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं को सुगम बनाने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सालय में पार्किग की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सालय में पार्किगं व्यवस्थाएं बनाने के आश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि प्रबन्धन समिति की अगली बैठक अस्पताल परिसर में ही रखना सुनिश्चित करेंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चिकित्सालय में सुविधाएं बढाई जाएं तथा आवश्यक उपकरण, जरूरत की वस्तुओं हेतु प्रस्ताव भेजे। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में प्रसव दर कम होने के पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि चिकित्सालयों में सुविधाएं बढाई जाएं खासकर महिलाओं/बच्चों/बुजुगी को ध्यान में रखकर व्यवस्थाएं बनाए,

# हाईस्कूल और इंटर के मेधावियों को सम्मानित किया



ऋषिकेश। पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में परिषदीय परीक्षा 2022–23 के मेधावियों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने किया। उन्होंने परिषदीय परीक्षा 2022–23 के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए और अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयासरत रहना चाहिए.प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में अभिषेक पंवार, नीतीश बिष्ट, काव्य चौहान, शुभम, रजत कंडवाल, साहिल सिंह नेगी, अखिल सिंह, साहिल, विशाल ठाकुर, सागर कुमार, केशव हवलाधर, अतुल डोभाल, पंकज सिंह ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं इंटरमीडिएट में हिमांशु चमोली, हर्ष धीमान, शुभम बिजल्वान, आयुष कुकरेती ने बेहतर प्रदर्शन किया। जिन्हें सम्मानित किया गया है। मौके पर प्रबंध समिति सदस्य विशालमणि पैन्यूली, विपिन डोभाल, विवेक डोभाल, शैलेंद्र कंडारी, बृजेश कुमार, सुनील ध्यानी, कीर्ति दत्त नौटियाल, आशीष सिंह कलूड़ा, विक्रमा देवी, रमेश गुनसोला आदि उपस्थित रहे।

### दून में बनेगा महाराजा अग्रसेन का भव्य मंदिर

देहरादून। अग्रवाल समाज दून में महाराजा अग्रसेन का भव्य मंदिर बनाएगा। अग्रवाल समाज की राजा रोड स्थित जलपान गृह में हुई कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की कमलेश अग्रवाल ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए जोर–शोर से जमीन की तलाश प्रारंभ कर दी गई है। सरकार से भी इसके लिए मदद ली जाएगी। समाज के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण अग्रोहा धाम की तर्ज पर होगा। इसमें तेजी लाने के लिए मंदिर निर्माण ग्रुप का गठन किया गया।

### जौनसार बावर के 32 मार्गों पर यातायात रहा ठप

विकासनगर। कालसी चकराता स्टेट हाईवे पर जजरेट के पास मलबा आने से मार्ग शुक्रवार सुबह करीब दो घंटे बंद रहा। लोनिवि ने जेसीबी लगाकर मार्ग से मलबा हटवाया। जिसके बाद मार्ग पर यातायात सुचारु हो पाया। वहीं जौनसार बावर के क्षेत्र के 31 अन्य मोटर मार्ग भी बंद रहे। इनमें देर शाम तक कुछ ही मार्गों पर यातायात बहाल हुआ, जबकि कई मार्ग अब भी खोले जाने बाकी हैं। कालसी चकराता मोटर मार्ग पर आठ बजे के करीब मलबा आने के बाद मार्ग दस बजे तक बंद रहा। इस दौरान मार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। उमस भरी गर्मी के मौसम में लोग वाहनों की आवाजाही न होने से परेशान रहे। इस दौरान लोगों को पीने के लिए पानी तक नहीं मिला। दस बजे मार्ग खुलने के बाद क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही शुरू हो पायी। उधर, जौनसार बावर के ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाले 31 मोटर मार्ग भी दिनभर बंद रहे। पहाड़ियों का मलबा आने से बंद रहे मार्गों में फेडिज सनैल, पुरोडी रावना डामटा, मखटी पोखरी ककनोई टिपराड, बिरमऊ निनूस मोटर मार्ग, लोखंडी पिपारा मीनस, जगथान, दमन दसेऊ परिहार सिमोग, लेल्टा आदि मार्गों पर पहाडियों से मलबा आने के कारण मार्ग बंद रहे। हालांकि देर शाम को कुछ मार्गों को लोनिवि ने यातायात के लिए खोल दिया।

# आपत्तिजनक स्थिति में मिले युवक-युवती, हिंदू संगठनों ने की धुनाई

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नजीबाबाद रोड स्थित एक होटल में आपत्तिजनक स्थिति में युवती के साथ मिले युवक की क्षेत्रवासियों ने जमकर धुनाई कर दी। युवक-युवती अलग-अलग समुदाय के बताए जा रहे हैं।

घटना शुक्रवार दोपहर की है। दुगड्डा निवासी एक युवती ने नजीबाबाद रोड स्थित एक होटल में अपना आधार कार्ड दिखाकर कमरा लिया। कुछ देर बाद युवती से मिलने के लिए एक युवक होटल में पहुंचा। होटल में कार्यरत कर्मचारियों ने जब युवक का नाम पूछा तो उसने अपना गलत नाम बताया और सीधे कमरे में चला गया। होटल के एक कमरे में ठहरा व्यक्ति युवक को पहचानता था। उसने युवक के बारे में हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों को सूचना दी। चंद मिनट बाद होटल में पहुंचे हिंदू संगठन के युवक हंगामा करते हुए होटल के कमरे में पहुंचे और युवक की जमकर धुनाई कर दी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि तुरंत सूचना पर पहुंची पुलिस युवक व युवती को लेकर कोतवाली पहुंच गई थी। दोनों के स्वजनों को घटना की सूचना दी गई। बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

दोनों के खिलाफ शांति भंग के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि युवक भी दुगड्डा का ही रहने वाला है और वह पहले से ही शादी शुदा है।

# विद्युत पोल पर आया करंट, बकरी की मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बरसात के दौरान सड़क व मोहल्लों में खड़े ऊर्जा निगम के विद्युत पोल खतरा बन रहे हैं। शुक्रवार को जौनपुर मोहल्ले में विद्युत पोल में फैले करंट की चपेट में आने से एक बकरी की मौत हो गई। गनीमत यह रही कि आसपास कोई व्यक्ति या बच्चा मौजूद नहीं था। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

घटना शुक्रवार शाम की है। बारिश के दौरान एक बुजुर्ग महिला अपनी बकरियों को जंगल में चुगाने के बाद वापस घर लेकर जा रही थी। इसी दौरान बकरी मोहल्ले की सड़क के किनारे खड़े एक विद्युत पोल की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करंट लगते ही बकरी की तुरंत मौत हो गई।



जौनपुर मोहल्ले में करंट लगने से हुई बाकरी की मौत

बताया कि जिस स्थान पर यह पोल खड़ा है वहां शाम के समय बच्चे भी खेलते हैं। लेकिन, बारिश के कारण बच्चे घरों में ही थे। ऐसे में ऊर्जा निगम की लापरवाही बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती थी। यही नहीं जब वार्डवासियों ने ऊर्जा निगम में फोन किया तो किसी ने भी फोन उठाने तक की जहमत नहीं उठाई। जिसके बाद घटना की सूचना उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार को दी गई।

## महिला कांग्रेस ने केंद्र और मणिपुर सरकार का पुतला फूंका

**श्रीनगर गढ़वाल** : मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना के विरोध में श्रीनगर में महिला कांग्रेस ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया। विरोध स्वरूप मणिपुर सरकार व केंद्र सरकार का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस ने इस घटना को देश के लिए शर्मनाक घटना बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की।

गोला पार्क में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री पूनम तिवाड़ी, विनोद मैठाणी के नेतृत्व में प्रदर्शन के दौरान कहा कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जिस तरह का उत्पीड़न व दुर्व्यवहार की घटना हुई है वह किसी भी हालत में बर्दाश्त के योग्य नहीं है। पुतला फूंकने वालों में नीलम रावत, साफिया खान, सुमन आनंद, रजनी देवी, हीना, गंगा देवी, सुधा तिवाड़ी, बबीता, शिप्रा डोभाल आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# मॉडल प्रतियोगिता में श्रेयांश रहा अव्वल




मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन संस्था की ओर से सहेली परियोजना के अंतर्गत विज्ञान महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जीआईसी जयदेवपुर सिगड्डी में विज्ञान गणित मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्रों ने वन सम्पदा, ड्रिप इरिगेशन, विंड मिल, पन चक्की एवं गणित पहेली पर मॉडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में श्रेयांश नेगी ने प्रथम, मानव सती ने द्वितीय तथा रक्षा मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागी 26 जुलाई को होने वाली ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेंगे। महोत्सव कार्यक्रम गणित अध्यापक राजीव शर्मा व फाउंडेशन को ऑर्डिनेटर अतुल कुमार के दिशा निर्देशन में सम्पन्न कराया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य शोबेन्द्र जोशी सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

# मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार/सतपुली** : भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से ग्रामीणों को मोटा अनाज के फायदे बताए गए। कहा कि मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए काफी लाभ दायक है।

मंडल अध्यक्ष चंपा असवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना गैरोला ने शिरकत की। जिला अध्यक्ष मीना गैरोला ने बताया कि मोटा अनाज खाने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। साथ ही बताया कि सभी लोग हर बूथ पर जाकर मोटे अनाज का प्रचार-प्रसार करें, जिससे स्वस्थ समाज की कल्पना के सपने को साकार किया जा सके। बताया कि पौड़ी जिले के



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

सभी मंडलों में मिलेट फूड़ के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा की ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी, महामंत्री महिला मोर्चा मीना असवाल, जिला महामंत्री शकुंतला नेगी, सोशल मीडिया प्रभारी गंगा खंतवाल, मंडल अध्यक्ष गणेश रावत आदि मौजूद रहे।

## छात्रों ने समर्थ पोर्टल को खोलने की मांग उठाई

उत्तरकाशी : महाविद्यालय में प्रवेश के लिए वंचित छात्र-छात्राओं को प्रवेश देने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पुरोला इकाई ने टिहरी गढ़वाल के विभाग संयोजक राकेश नेगी के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी के माध्यम से श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन भेजकर महाविद्यालय के समर्थ पोर्टल को खोलने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तराखंड की भौगोलिक विषम परिस्थिति है, जहां कई क्षेत्र ऐसे हैं कि नेटवर्क की सुविधा नहीं है, जिससे कि छात्रों को सूचना नहीं मिल पाई है ज्ञापन में कहा गया है कि पहाड़ी क्षेत्रों में मई व जून अधिक वर्षा होती है जिससे नेटवर्क सहित आवागमन के मार्ग भी बाधित रहते हैं।

# आपदा से बचाव के लिए किया जागरूक



कोटद्वार स्थित सिडकुल ग्रोथ सेंटर स्थित एक इकाई में अग्निशमन यंत्रों की जांच करते अग्निशमन अधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : अग्निशमन विभाग की ओर से भाबर क्षेत्र के अंतर्गत सिडकुल ग्रोथ सेंटर में कार्यरत श्रमिकों को आपदा से बचाव के तरीके बताए गए। इस दौरान टीम ने संस्थानों में लगे अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की।

अग्निशमन अधिकारी इशम सिंह की अध्यक्षता में बलभद्रपुर इंडस्ट्रियल एरिया व सिडकुल ग्रोथ सेंटर में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। टीम ने श्रमिकों को आपदा के कारणों के साथ ही इनसे बचाव के बारे में जानकारी दी। कहा कि जागरूकता से ही आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। अधिकारियों ने संस्थानों में लगे अग्निशमन उपकरणों की भी जांच की। संस्थान संचालकों को यंत्रों को कार्यशील स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए। कहा कि संस्थान में कार्य करने वाले प्रत्येक श्रमिक को भी उपकरण के प्रयोग की बेहतर जानकारी होनी चाहिए। आपदा से बचाव के यंत्रों को लेकर लापरवाही दिखाने वाले फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई। कहा कि अग्निशमन विभाग समय-समय पर फैक्ट्रियों का निरीक्षण कर यंत्रों की जानकारी लेता रहेगा।

# मणिपुर की घटना के विरोध में युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : युवा कांग्रेस ने मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित युवा कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का नारा देने वाली भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार में बेटियों पर अत्याचार बढ़े है।

शुक्रवार को डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आशीष नेगी व जिला अध्यक्ष मोहित सिंह ने कहा कि एक तरफ देश के प्रधानमंत्री बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बाते करते हैं वहीं दूसरी ओर मणिपुर में बीते कई महीनों से चल रही हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। जिस देश में नारी की पूजा की जाती है वहीं मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया जाना बेहद, शर्मनाक और बीभत्स घटना है। कहा कि गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। प्रदर्शन करने वालों में अंकित सुंदरियाल, छात्रसंघ सचिव मुकुल कुमार, अमन नेगी, हिमांशु रावत, शुभम रावत, सोनू, आशु पंवार, अभय कुमार, आर्यन कुमार आदि शामिल रहे।

# पौधों का किया रोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल द्वारा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पौधा रोपण व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

राकउमा विद्यालय शिराजपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य लता गौड़ एवं समाजसेवी गौरव जोशी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण विषय में कला एवं निबंध प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें चित्रकला प्रथम तीन चयनित छात्र प्रथम रणजीत, द्वितीय मोहित, तृतीय ज्योति, स्थान निबंध प्रतियोगिता में प्रथम




राकउमा विद्यालय शिराजपुर में पौध रोपण अभियान चलाते सदस्य

सोनाली, द्वितीय पवन व तृतीय स्थान महक ने प्राप्त किया गया। इस मौके पर वंदना जोशी, तृप्ति रावत, रजनी हटवाल आदि मौजूद रहे। वहीं, राजकीय इंटर कालेज कुंभीचौड में भी पौधा रोपण अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार बुड़ाकोटी व मिथलेश बलोधी के नेतृत्व में विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर नीरज कुमार कमल, पूनम पांथरी,



राजकीय इंटर कालेज द्वारी में पौध रोपण करते शिक्षक व अन्य

अरविंद कुमार, विनोद कुमार ध्यानी आदि मौजूद रहे। वहीं, राजकीय इंटर कालेज द्वारी में शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती के नेतृत्व में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। शिक्षक दिनेश कुकरेती अब तक आठ सौ से अधिक पौधे निःशुल्क वितरित कर चुके है। इस मौके पर प्रधानाचार्य हसन अंसारी, प्रमोद चौधरी, दिनेश चंद्र, भारत भूषण आदि मौजूद रहे।

# राइका द्वारी में रोपे आम, अमरूद सहित अन्य प्रजातियों के पौधें



राजकीय इंटर कॉलेज द्वारी में पौधा रोपते हुए शिक्षक एवं छात्र।

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज द्वारी पौने में शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस दौरान आम, अमरूद, केला, सहजन, आंवला, बोतलब्रुश, कटहल प्रजाति के 70 पौधों का रोपण किया गया।

शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती अब तक 8000 से अधिक पेड़ पौधे लगा व निःशुल्क बांट चुके हैं। जिसमें बहुत से पेड़ फल देने लग गए हैं। सीआरसी समन्वयक प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि पेड़ पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना करना व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को पौधें लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य तनवीर हसन अंसारी, वरिष्ठ प्रवक्ता भारत भूषण नारंग, श्रीमती संगीता बिष्ट, अनिल कोहली, राजदर्शन मैंदोला, रजनी देवी, अंकित नेगी, बचन लाल भारती, संदीप रावत, रविन्द्र गुसांई, राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी देव शर्मा, बृजपाल आदि मौजूद थे।

## निबंध प्रतियोगिता में रिंकी ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : थलीसैंण में आजादी के अमृत महोत्सव एवं नमामि गंगे के तत्वावधान में हरेला पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत निबंध व पोस्टर मेकिंग प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।

जल संरक्षण एवं जल धाराओं का पुनर्जीवन विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा रिंकी, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा हिमांशी, शिवानी ने क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के बाद सभी छात्र-छात्राओं को लघु वृत्त चित्र के माध्यम से जल संरक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने जल संरक्षण के महत्व, क्रियान्वयन के लिए चाल एवं खाल द्वारा वर्षा जल संरक्षण के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने भूजल स्तर की स्थिति पर भी चर्चा की। इस मौके पर प्राध्यापक डा. चन्द्र कान्त तिवारी, डा. विक्रम रौतेला, डा. धर्मेन्द्र यादव, डा. विनोद कुमार, कक्ष निरीक्षक डा. सुधीर सिंह रावत, डा. विकास प्रताप सिंह, डा. अजय कुमार, डा. गिरीश चन्द्र आर्य आदि शामिल रहे। संचालन नमामि गंगे के संयोजक डा. विवेक रावत ने किया।

# थलीसैंण के रौली गांव में गौशाला क्षतिग्रस्त, तीन मवेशी मरे, मोटर पुल टूटा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : भारी बारिश से गुरुवार की देर रात को थलीसैंण के रौली गांव में बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। बारिश से एक गोशाला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही मोटर पुल टूटने से आवाजाही भी बंद हो गई है। हालांकि घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है।क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक आनंदपाल ने बताया कि बादल फटने से रौली गांव में चंदन सिंह की गोशाला पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें 2 बैल व 1 बकरी की मौत हो गई। साथ ही पीठसैंण-बूंगीधार मोटरमार्ग पर



भारी बारिश से थलीसैंण के रौली गांव में बही सड़क।

बगवाड़ी के पास लोनिवि के मोटर पुल दोनों तरफ की दीवारें, पीलर टूटने से क्षतिग्रस्त हो गया। जिस पर जिला प्रशासन ने यहां पर वाहनों व पैदल आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दी है। उन्होंने बताया कि लोनिवि द्वारा उक्त स्थान पर पैदल वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जा रहा है। बादल फटने से कृषि भूमि को भी क्षति पहुंची है। क्षति का विस्तार से संवेक्षण किया जा रहा है। इधर, जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल डा. आशीष चौहान ने बताया कि संबंधित एसडीएम व अफसरो को क्षेत्र में राहत बचाव कार्य में तेजी लाते हुए ग्रामीणों को सभी व्यवस्थांए देने के निर्देश दिए है।

# राजयोग के महत्व की दी जानकारी

**कोटद्वार** : प्रजापिता ईश्वरीय विवि के स्थानीय केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान से पधारे भगवान भाई ने उपस्थित भाई बहनों को राजयोग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि राजयोग द्वारा अपने कर्मेन्द्रियों पर संयम कर कर्म में कुशलता से सकारात्मक चिंतन, सकारात्मक वृति और दृष्टिकोण की उपलब्धि होती है। साथ ही राजयोग के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्त बन हम मानसिक और शारीरिक बीमारियों से स्वयं को बचा सकते हैं। केंद्र संचालिका बी के ज्योति ने सभी से



कार्यशाला में मौजूद प्रजापिता ईश्वरी विवि के सदस्य

राजयोग को अपनी दिनचर्या का अंग बनाने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान समय की विपरीत परिस्थितियों में राजयोग हमें तनाव मुक्त रखने में मदद करेगा। कार्यक्रम में ईश्वरीय विवि के सभी ब्रह्माकुमार भाई बहन मौजूद रहे।

# दुबरौली-ध्युली धौनी मोटर मार्ग के निर्माण में देरी से ग्रामीण नाराज



अल्मोड़ा : सामाजिक कार्यकर्ता विनय किरौला के नेतृत्व में लमगड़ा विकासखंड के ग्राम सभा के दुबरौली-ध्युली धौनी मोटर मार्ग से लगते गांवों के दर्जनों ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता सहित जिलाधिकारी अल्मोड़ा को ज्ञापन प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि जून 2016 से बन रहे 5 किमी. के इस मोटर मार्ग जिसमें प्रथम चरण में मोटर मार्ग की कटिंग होनी है का आज जुलाई 2023 तक निर्माण कार्य नहीं हुआ है।

उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए मोटर मार्ग के निर्माण की पुरजोर मांग करते हुए कहा कि यह मोटर मार्ग 2500-3000 ग्रामीणों को मुख्य मोटर मार्ग से जोड़ता है। तीन गांवों को जोड़ने वाला यह मोटर मार्ग 8 वर्षों के लम्बे अंतराल से विकास की दौड़ में विभाग की घोर लापरवाही के कारण पीछे छूट गया है।

इस मोटर मार्ग का बजट स्वीकृत होने के बावजूद विभाग सड़क नहीं बना रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दुग्ध उत्पादन होने के बावजूद मोटरमार्ग से पहुंच नहीं होने के कारण उनके व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, मोटर मार्ग के अभाव में युवा पलायन को मजबूर हो गया है। विनय किरौला ने कहा कि अनेकों बार विभाग में मोटर मार्ग पूर्ण करने की मांग करने के बावजूद विभाग द्वारा केवल ग्रामीणों को कोरे आश्वासन दिए गए हैं।

## केएमवीएन संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने सीएम को भेजा ज्ञापन

पिथौरागढ़। कुमाऊ मंडल विकास निगम संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने आवास गृहों को निजी हाथों में देने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास परिषद ने काम करने वाले पर्यटक आवास गृह मुक्तेश्वर साततात परिचय रिसोर्ट (नोकुचियाचाल) की निविदा निरस्त करने के साथ–साथ दोनों निगमों के एकीकरण से पूर्व किसी भी आवास गृह इकाई को पीपीपी मोड में न देने का भरोसा संगठन को दिया था। शासन स्तर से 12 अप्रैल को प्रमुख सचिव के साथ हुए समझौते के तहत कुमाऊमंडल विकास निगम के संविदा कर्मचारियों को समान कार्य का समान वेतन दिया जाए।कहा कि शासन स्तर पर निगम की समस्या का समाधान किया जाए।

# केजीसीसीआई ने की प्रेसवार्ता




रुद्रपुर। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कि केजीसीसीआई के अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता की। जहां उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी। शुक्रवार को बाजपुर रोड स्थित एक होटल में केजीसीसीआई के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता की। जहां केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल ने बताया कि शनिवार की सुबह 11:00 बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केजीसीसीआई के नवनिर्मित हाईटेक भवन का लोकार्पण करेंगे।

भवन की खासियत यह है कि यहां पर विभिन्न फैक्ट्रियों में आने वाले नए वर्करों को प्रशिक्षित किया जा सकता है। साथ ही विभिन्न उद्योगों में बन रहे सामान की प्रदर्शनी लगाकर अपने प्रोडक्ट की जानकारी दी जा सकती है। इसके अलावा प्रदेश सरकार व अधिकारी वर्ग के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी यहां पर बैठक की जा सकती हैं। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष विनीत संगल, सचिव आरके गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक बांके बिहारी गोयंका, उपाध्यक्ष आलोक गोयल, दीपक बाली मौजूद रहे।

# योग को अनिवार्य विषय बनाना सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : डॉ भट्ट



अल्मोड़ा : सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष व चम्पावत परिसर के नोडल अधिकारी डॉ. नवीन भट्ट ने योग को हाईस्कूल व इंटर मीडिएट में अनिवार्य विषय घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार व्यक्त किया। समाचार एजेंसी आरएनएस से बातचीत में नोडल अधिकारी डॉ. नवीन भट्ट ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग को अनिवार्य विषय बनाने की मांग काफी लंबे समय से चली आ रही थी जिसे धामी सरकार ने पूरा किया। डॉ. नवीन भट्ट ने कहा कि इससे शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन आने के साथ गुणात्मक सुधार भी आएगा। जिससे विद्यार्थी का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आध्यत्मिक विकास होगा। डॉ. नवीन भट्ट ने कहा कि विषय अनिवार्य के साथ ही इसमें योग के शिक्षकों को नियुक्त किया जाना चाहिए। योग वर्तमान समय में पूरे समाज की आवश्यकता है। सरकार द्वारा 119 डिग्री कॉलेजों में योग प्रशिक्षक के पदों को सृजित कर डिग्री/डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति दी जाएगी। नोडल अधिकारी डॉ. नवीन भट्ट ने धामी सरकार के इस कदम की तारीफ करते हुए इसे मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में शिक्षा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डॉ नवीन भट्ट ने हाइस्कूल व इंटरमीडिट में योग शिक्षकों को नियुक्ति देने की मांग भी की। (एजेंसी)

## परीक्षाफल में त्रुटियां होने पर विद्यार्थी नाराज

चम्पावत। पीजी कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने परीक्षाफल में त्रुटियां होने पर नाराजगी जताई है। इस संबंध में उन्होंने प्राचार्य के जरिए परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन भेजा।

शीघ्र गलती नहीं सुधारे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। चम्पावत पीजी कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने शुक्रवार को परीक्षा नियंत्रक को पत्र भेजा। छात्र नेता ललित सिंह देउपा ने बताया कि बीए पंचम सेमेस्टर में अंग्रेजी विषय में कई त्रुटियां है। बताया कि कक्षा पंचम सेमेस्टर में 55 में से 53 छात्र–छात्राओं को फेल दर्शाया गया है। कहा कि इस तरह की गलती हर कॉलेज के परीक्षाफल में हुई है। उनका कहना है कि अंग्रेजी विषय के अतिरिक्त पर्यावरण विषय में भी कमोबेश यही स्थिति है। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन भेज त्रुटियों में सुधार करने की मांग की।

# मणिपुर में महिलाओं के साथ जघन्य अपराध करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग



अल्मोड़ा : मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने वाला वीडियो वायरल होने के बाद पूरा देश गुस्से में है। अल्मोड़ा महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने भी इस घटना पर कड़ी आपत्ति दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। समाचार एजेंसी आरएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में भीड़ दो महिलाओं को बिना कपड़ों के घुमाती नजर आई थी। इतना ही नहीं आरोप ये भी है कि इनमें से एक महिला के साथ दरिंदगी भी की गई। उन्होंने कहा कि बुधवार को सामने आए वीडियो में गिरफ्तार आरोपियों में से एक को कांगपोकपी जिले के बी फाइनोम गांव में भीड़ को सक्रिय रूप से निर्देश देते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने घटना को अमानवीय करार दिया और कहा कि अपराधियों को मृत्युदंड मिलना चाहिए। घटना की कड़ी निंदा करते हुए राधा बिष्ट ने इसे मानवता के प्रति अपराध बताया और कहा कि महिला कांग्रेस इस जघन्य अपराध पर चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिला का बयान बड़ा दर्दनाक है जिसमें उन्होंने कहा है कि हम पांच लोग थे। जिनमें से दो की हत्या कर दी गई। इसके बाद भीड़ ने हमारे साथ क्रूरता की। फिर हम वहां से किसी तरह से भाग निकले। उन्होंने ये भी बताया कि उन्हें इस वायरल वीडियो की जानकारी नहीं है क्योंकि यहां इंटरनेट नहीं चल रहा है। महिला ने आगे बताया कि भीड़ में काफी लोग शामिल थे, लेकिन वह उनमें से कुछ को पहचानती है। इसमें महिला के भाई का दोस्त भी शामिल था। जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने कहा कि इस घटना के वायरल वीडियो में महिलाओं को भीड़ के जरिए निर्वस्त्र परेड कराते हुए देखा गया। कुछ लोगों को दो महिलाओं को खेत की ओर खींचते और उनके साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करते देखा जा सकता है। 18 मई को दर्ज की गई एफआईआर में पीड़ितों ने ये भी आरोप लगाया था कि पीड़ितों में सबसे छोटी 20 वर्षीय महिला के साथ गैंगरेप भी किया गया था। राधा बिष्ट ने ऐसा कृत्य करने वालों के लिए मृत्यु दण्ड की मांग की है। (एजेंसी)

# बिना सत्यापन बाहरी व्यक्तियों को दुकान, मकान न दें




अल्मोड़ा : द्वाराहाट विकास खंड में विगत तीन दिन से हिंदुत्व संगठन गरमाया हुआ है। व्यापार संघ के तत्वावधान में समस्त क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों और विभिन्न संगठन के सदस्यों की नगर पंचायत सभागार में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से लगातार क्षेत्र में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को रोकने और एक विशेष समुदाय को जिम्मेदार ठहराते हुए तय किया गया कि शीघ्र ही क्षेत्र में बाहरी लोगों को चिन्हित कर मकान मालिक को भी इसकी जिम्मेदारी दी जाए।

सभी लोगों को जागृत किया कि बगैर पुलिस सत्यापन व आधारकार्ड के किसी भी अनजान व बाहरी व्यक्ति को मकान, दुकान या होटल किराये पर न दें और न ही फेरीवालों को गांव व बाजार की सीमा में आने दें। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल उसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन या अपने ग्राम पंचायत के प्रधान को दें। शुक्रवार को आयोजित बैठक में द्वाराहाट के अंतर्गत ठेकेदार, राजमिस्त्री व अन्य सभी लोगों के साथ बैठक की गई, बैठक में सभी ठेकेदारों से जानकारी प्राप्त की गई।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष मुकुल साह, उमेश भट्ट, मनोज भट्ट, विनोद जोशी, भूपेंद्र कांडपाल, पंकज कुमार, भगवान चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## स्कूटी चोर का पता लगाने की मांग

चम्पावत। शीतला माता मंदिर के निकट एक घर के बरामदे से चोरी हुई स्कूटी का पांच दिन बाद भी सुराग नहीं लगा। लोगों ने पुलिस से स्कूटी चोरी का पता लगाने की मांग की। व्यापारी अमित जुकरिया ने कहा कि उनकी स्कूटी बीते दिनों अज्ञात चोरों ने घर के भीतर से उड़ा ली। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका। पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष भैरव राय, जीवन गहतोड़ी, दीपक सुतेड़ी ने एसओ से वार्ता कर जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग उठाई। बाराकोट में बाइक से चोरों ने बैटरी उड़ाई बाराकोट। बाराकोट के बैड़ा बैड़वाल निवासी मनोज सिंह अधिकारी ने बाराकोट चौकी में तहरीर देकर कहा कि बीते 19 जुलाई की रात को उनके घर के आगे खड़ी मोटर साइकिल वाहन संख्या यूके 06–2376से अज्ञात चोरों ने बैटरी चुरा ली।

# बोर्ड की बैठक न बुलाने पर सभासदों ने नगर पालिका गेट में की तालाबंदी



रुद्रपुर। बोर्ड की बैठक न बुलाये जाने पर आक्रोशित सभासदों ने पालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर पालिका प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर काटा हंगामा। वही पालिका के सभी कार्य बाधित होने की सूचना पर एसडीएम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं उन्होंने अधिशासी अधिकारी तथा नगर अध्यक्ष से वार्ता कर बोर्ड की बैठक बुलाने की तारीख तय करने के बाद सभासदों ने धरना समाप्त किया। वही पालिका गेट पर तालाबंदी करने अधिशासी अधिकारी के द्वारा धरना स्थल पर बैठे तमाम सभासदों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर धरना को अवैतनिक बताया। शुक्रवार को गदरपुर नगर पालिका परिषद के कुछ सभासदों ने पालिका प्रशासन पर बोर्ड की बैठक न बुलाए जाने का आरोप लगाते हुए पालिका गेट की तालाबंदी कर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सभासदों का आरोप था कि उनके द्वारा बरसात के मौसम को देखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था को सही करवाने, नगर में कीटनाश-क दवा का छिड़काव करवाने सहित कई समस्याओं को लेकर पालिका बोर्ड की बैठक बुलाये जाने की मांग कई दिनों से की जा रही थी।

# विद्यार्थियों ने जीवन में नशा न करने की शपथ ली




अल्मोड़ा : राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग में प्रधानाचार्य डॉ. कपिल नयाल के नेतृत्व में नशा उन्मूलन संबंधी प्रभात फेरी एवं जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों द्वारा तख्ती में विभिन्न स्लोगन लिखे गए एवं उनके द्वारा नारे लगाते हुए हवालबाग मुख्य बाजार तक लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही गत दिवस विद्यालय में नशा उन्मूलन संबंधी निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कपिल नयाल ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया एवं विद्यार्थियों से इसे जीवन मे कभी भी ग्रहण नहीं करने की अपील की। रैली के हवालबाग मैदान में पहुंचने पर डॉ. निर्मल कुमार पंत ने विद्यार्थियों को जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। जागरूकता रैली में समस्त विद्यार्थियों सहित संजय पांडे, टीडी भट्ट, दिनेश चन्द्र पपनै, धन सिंह धौनी, प्रमोद पांडेय, मोनिका जोशी, भगवत बगडवाल, नवीन वर्मा, कविता जोशी, संजय मेहता ने प्रतिभाग किया। (एजेंसी)

## मणिपुर घटना पर कांग्रेस ने किया केंद्र सरकार का पुतला दहन

बागेश्वर। मणिपुर में गत दिनों हुई घटना पर कांग्रेस में उबाल आ गया है। नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार बेटियों को सुरक्षित रखने में नाकाम साबित हो रही है। उन्हीं के सांसद पर योन शोषण के आरोप लग चुके हैं। मणिपुर घटना ने देश को शर्मसार किया है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के पुतले को आग के हवाले किया। इस माके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, हरीश ऐठानी, ललित गोस्वामी, पुष्पा देवी, पूजा आर्या, कवि जोशी, विनोद पाठक, राजेंद्र परिहार, लक्ष्मी धर्मशक्तू आदि मौजूद रहे।

# जब 3 दिन के विधायक व सांसद को पेंशन तो अन्य कर्मचारी को क्यों नहीं : नेगी



अल्मोड़ा : नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा के सभागार में पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण समिति की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सभी पैरामिलिट्री बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, एआर जिले के सभी स्थानों से पूर्व पैरामीटर के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकारें यूसीसी कानून की तैयारी कर रही हैं, परंतु 2004 के बाद भर्ती पैरामिलिट्री के सदस्यों को पेंशन क्यों नहीं दे रही हैं। जब 3 दिन के विधायक व सांसद को शपथ लेने के बाद पेंशन दी जा सकती है, तो एक कर्मचारी को क्यों नहीं? हर नागरिक को समान कानूनी अधिकार मिलने चाहिए। वे समयोजन ने बताया कि सीमाओं की सुरक्षा बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी कर रही हैं। देश के अंदर सीआरपीएफ कानून व्यवस्था लागू कर रही है। सीआईएसएफ देश के मुख्य स्थानों की सुरक्षा कर रही है। इसलिए भेदभाव क्यों? राज्य और केंद्र सरकारें हमें वह सुविधाएं क्यों नहीं दे रही हैं, जो सेना के सेना निवृत्त कर्मचारियों को दी जा रही हैं। उन्होंने देहरादून में बनने वाले सैन्य धाम और शहीद स्मारक में पैरामिलिट्री के शहीदों के नाम को भी अंकित करने और पैरामिलिट्री की कैंटीन को भी जीएसटी से मुक्त करने की भी मांग की।

# सीवर लाईन का कार्य संतोषजनक न होने से भड़के सभासद और स्थानीय लोग



अल्मोड़ा : लक्ष्मेश्वर वार्ड के सभासद अमित साह मोनू और मोहल्ला पन्याउडियार के निवासियों द्वारा मोहल्ला पन्याउडियार में चल रहे सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण किया गया जिसमें संबंधित विभाग के जेई को भी अवगत कराया और नगर पालिका के अमीन बसंत बल्लभ पांडे भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सीवर लाइन कार्य में कई कमियां दिखी। जिसमें देखा गया कि जहां-जहां पर सीवर लाइन के चेंबर बन रहे हैं उस क्षेत्र की मिट्टी को सही रूप से हटाया नहीं जा रहा है और जहां पर खेत है वहां पर लोगों के खेतों में ठेकेदार द्वारा मिट्टी फेंक दी जा रही है। सीवर लाइन और चेंबर कार्य में भी कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं दिखाई दे रही है। रास्ते की हालत बहुत खराब हो गई है जिसके लिए नगर पालिका द्वारा इस मार्ग के सुधारीकरण कार्य का भी टेंडर भी लगाया गया है लेकिन इनके कार्य में देरी के कारण रास्ते का सुधारीकरण का कार्य भी शुरू नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में संबंधित जेई को अवगत कराया गया है और मोहल्ले वासियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सोमवार को इसके विषय में संबंधित विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की जाएगी और उनको इस विषय में पूर्ण जानकारी शिष्टमंडल द्वारा दी जाएगी। इस मौके पर लक्ष्मेश्वर

## संकुल स्तरीय खेल में दिखाया दमखम

चम्पावत। जीआईसी बापरू में सीएम उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठ से चौदह वर्ष के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य संजीव पंत की अध्यक्षता और स्काउट मास्टर प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के संचालन में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। संकुल के बापरू, बंतोली, गुमोद, ग्वीनाड़ा, गुमोद, रेगडू, छंदा, दियारतोली, कालाकोट के प्राइमरी, जूनियर तथा इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# मणिपुर घटना पर कांग्रेस ने जलाया सरकार का पुतला



पिथौरागढ़। मणिपुर में दो महिलाओं के साथ घटी घटना से नेपाल सीमा पर भी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेसियों ने विरोध में सरकार का पुतला जताते हुए कहा कि उक्त घटना ने देश और मानवता को शर्मशार किया है। उन्होंने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग उठाई है। शुक्रवार को नगर के गांधी चौक में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र थापा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार का पुतला जलाया। वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र सड़क पर घुमाना और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म करना हेवानियत है। बावजूद इसके मोदी सरकार मणिपुर की हिंसक घटनाओं पर आंखें बंद कर बैठी है। कहा कि सरकार मणिपुर में शांति व्यवस्था कायम करने में पूरी तरह से नाकाम रही है। ऐसे में वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना आवश्यक हो गया है। कार्यकर्ताओं ने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि इस तरह की दिल दहला देने वाली घटना किसी और के साथ न हो।

ये रहे शामिलः विधायक प्रतिनिधि नृप गर्ब्याल, सौरभ मतोलिया, सजाद हुसैन, चन्द्र रौतेला, संजीव साहनी, नवनीत रौतेला, ओपी वर्मा, पुष्कर आर्या, नेत्र सोनाल, गुमान रौतेला, अरविंद रोंकली ।

# आयुक्त गढ़वाल ने लिया श्री केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं निर्माण कार्यो का जायजा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं निर्माण कार्यों का आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय ने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग डॉ. सौरभ गहरवार, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारी निर्माण कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग करना सुनिश्चित करें, जिससे कि कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण कराए जा सके। निरीक्षण से पूर्व आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली, प्रगति एवं समृद्धि की कामना की। केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आयुक्त गढ़वाल मंडल ने जिलाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता लोनिवि को निर्देश दिए हैं कि केदारनाथ धाम में जो भी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं उन कार्यों को त्वरित गति एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्धता से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण सामग्री की भी उपलब्धता निरंतर बनी रहे ताकि निर्माण कार्यों में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि ऐसे प्रोजेक्ट जिनका कार्य जल्द पूर्ण हो रहे हैं उन पर शीघ्रता से कार्य करते हुए उन्हें पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संगम घाट एवं पुल का जो भी निर्माण कार्य किया जा रहा है उन कार्यों को भी त्वरित गति से करना सुनिश्चित करें। केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों के लिए बनाए जा रहे आवासों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी निर्माणाधीन आवास हैं उनका कार्य शीघ्रता-शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने आयुक्त को आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए जो भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित कार्यदायी संस्थाओं से यथा शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करवाया जाएगा। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लोनिवि राजेश शर्मा, मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता डीडीएमए विनय झिंक्वाण एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के तहत किया गया जनसंपर्क



जयन्त प्रतिनिधि, सतपुली। चौबट्टाखाल विधायक व कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के द्वारा आज बौंसाल, मैटाकुंड व अमोठा में केंद्र सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल को लेकर महा जनसंपर्क अभियान के तहत जनसंपर्क किया गया 'इस दौरान महाराज के द्वारा लोगों से मुलाकात कर उन्हें केंद्र सरकार के 9 वर्षों के विकास के कार्यों की जानकारी दी गई तथा पत्रक वितरण किए गए ' ।वहीं पार्टी सेंड में बीजेपी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता के साथ बैठक की गई वह सभी को एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया ।

इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, मंडल अध्यक्ष सतपुली सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष एकेश्वर गणेश रावत, शशि रतूड़ी जिला महामंत्री, नरेंद्र डंडरियाल जिला उपाध्यक्ष, रेणु घिल्डियाल मंडल अध्यक्ष महिला, राय सिंह नेगी, कुसुम खंतवाल, गंगा खंतवाल, इंदु जुयाल, चंद्रकला आर्य, वेद प्रकाश वर्मा, बृजमोहन सिंह रावत, सतराज नेगी, अशोक पुंडीर, रत्न सिंह बिष्ट, सतेन्द्र रावत, हरेंद्र पंवार, रमा देवी, मालती जुयाल, ममता ध्यानी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# इंद्रमणि बडोनी सम्मान से होटल व्यवसायी देव रतूड़ी सम्मानित

नई टिहरी : स्व. इंद्रमणि बडोनी कला एवं साहित्य मंच घनसाली ने ग्राम सभा केमर सौड़ के मूल निवासी चीन में मशहूर होटल व्यवसायी को इंद्रमणि बडोनी के स्मृति चित्र और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने युवाओं को मशहूर होटल व्यवसायी से प्रेरणा लेने को कहा।

घनसाली के केमर सौड़ गांव निवासी देव रतूड़ी चीन में एक मशहूर होटल व्यवसायी है, उनकी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा केमर सौड़ में हुई। वर्ष 1993 में रोजगार की तलाश में बाहर चले गये, वर्ष 1998 में उन्होंने मुंबई में मार्शल ऑफ आर्ट्स सीखा, जिसके बाद दिल्ली में मार्शल आर्ट विद्यालय खोला। वर्ष 2005 में वह चीन चले गये, जहां उन्होंने होटल में वेटर की नौकरी की। वर्ष 2013 में उन्होंने चीन में एक होटल खोला, कड़ी मेहनत कर आज चीन में उनके सात होटल हैं। जिनमें वह उत्तराखंड के लोगों को होटल में रोजगार देने का काम कर रहे हैं। इंद्रमणि बडोनी कला एंव साहित्य मंच के संरक्षक केसर सिंह रावत ने बताया कि देव रतूड़ी होटल व्यवसाय के साथ साथ 40 से अधिक चाइनीज फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। साथ ही चीन की कक्षा सात की किताब में उनके बारे में भी पढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि देव रतूड़ी ने कठिन परिश्रम और संघर्षों से यह मुकाम हासिल किया है,युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मौके पर कवि बेलीराम कंसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता लोकेंद्र दत्त जोशी, विजयचंद रमोला, रामेश्वर प्रसाद बडोनी, किशन सिंह नेगी, लोकेंद्र रावत, शैलेंद्र गौराला, रघुवीर सिंह रावत, महेश्वर सेमवाल, विकास सेमवाल, अनिल चौहान, बालगोविंद रतूड़ी, प्रकाश बिज्लवाण, अनुज, अशुतोष बिष्ट, बॉबी प्रकाश श्रीवाल, राजपाल नेगी, केशव पुर्वाल, मक्खन राणा, जेडी ढौंडियाल, तेजराम सेमवाल आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## बीडीसी बैठक 31 को

रूद्रप्रयाग : क्षेत्र पंचायत जखोली की बैठक आगामी 31 जुलाई (सोमवार) को ब्लॉक प्रमुख प्रदीप प्रसाद थपलियाल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। खंड विकास अधिकारी जखोली दिनेश प्रसाद मैठाणी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि 31 जुलाई को विकासखंड सभागार में प्रातः 11 बजे से क्षेत्र पंचायत जखोली की बैठक आयोजित की जाएगी।

## स्वास्थ्य शिविर में 45 रोगियों ने कराई जांच

उत्तरकाशी : स्वास्थ्य फाउंडेशन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरसाड़ी द्वारा विकासखंड मोरी की न्याय पंचायत नानई के ग्राम जीवाणु देवजानी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के डॉक्टरों द्वारा ग्राम स्तर पर 23 पुरुष 17 महिला 5 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सभी लोगों का बीपी शुगर जांच की गई। सभी को निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य कैंप में स्थानीय समुदाय को प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारियां संस्था के प्रबंधक विपिन सिंह चौहान द्वारा दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम स्तर पर सभी बच्चों का टीकाकरण किया गया।इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. आभा विद्वान, प्रियंका, नामलेन सिंह, आशा फैसिलिटेटर वृंदा, मोरी स्वास्थ्य फाउंडेशन से सीमा, कुमारी पुष्पा आदि थे। (एजेंसी)

# भू-धंसाव से धरमपुर में घरों को खतरा



टिहरी : देवप्रयाग नगर पालिका के वार्ड संख्या एक स्थित धरमपुर बस्ती के नीचे से अचानक भू-धंसाव होने से बस्ती के कई घरों को खतरा उत्पन्न हो गया है। भू-धंसाव से कुछ घरों के पुश्ते और आंगन ध्वस्त हो गये हैं।

भारी बारिश से देवप्रयाग की दलित बस्ती वार्ड संख्या एक धरमपुर के नीचे भू-धंसाव होने से कई परिवारों के घरों के लिये खतरा पैदा हो गया है। बस्ती के भुन्द्रा देवी और अर्जुन कुमार के घर का आंगन धंस जाने के बाद उनके परिवारों को बारात घर में शिफ्ट किया गया है। भू-धंसाव से ऋषिकेश बदरीनाथ राजमार्ग पर मलबा गिरने की संभावना बनी है। नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल, एनएच ईई निर्भय सिंह, एई बीएन द्विवेदी, राजस्व उप निरीक्षक प्रमोद चौहान, सभासद रूपेश गुसाई सहित टीएचडीसी के प्रतिनिधियों ने भू-धंसाव वाली जगह का संयुक्त निरीक्षण किया। आगामी दिनों में बारिश होती है तो बस्ती के करीब छह से अधिक मकानों को खतरा होने की आशंका जताई गई है। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व भारत निर्माण कंपनी द्वारा उचित ढंग से भू-धंसाव वाली जगह का ट्रीटमेंट नहीं किये जाने का खामियाजा धरमपुर बस्ती को लोगों उठाना पड़ रहा है। वहीं एनएच ईई निर्भय सिंह ने बस्ती के राजमार्ग की ओर हो रहे भू-धंसाव का तत्काल ट्रीटमेंट की जरूरत बताई है। बताया टीएचडीसी के सहयोग से धरमपुर बस्ती की सुरक्षा लिये स्थायी सुरक्षा दीवार बनाई जायेगी।

# देवराज को मिली ओम छात्र संगठन की जिम्मेदारी

उत्तरकाशी : ओम छात्र संगठन ने नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए देवराज बिष्ट को पुनः अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस मौके पर संगठन के संस्थापक अमरीकन पुरी ने छात्रों संग छात्र संघ की चुनाव को लेकर चर्चा की और उनको अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की बात कही।

शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में ओम छात्र संगठन की एक बैठक आहुत हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें कैलाश प्रजापति को जिला उपाध्यक्ष, चुनाव प्रभारी दीपक भट्ट,जिला महासचिव ऋतिक गुसाईं, सह सचिव आशीष नेगी, कोषाध्यक्ष अभिषेक राणा, मीडिया प्रभारी सुमेर मटूडा,संयोजक हरीश पयाल,सह संयोजक कृष्णपाल मटूडा, नगर अध्यक्ष सतेंद्र, नगर उपाध्यक्ष अंकित राणा, नगर महासचिव आजाद चौहान सहित सह सचिव रजनीश आर्य, नगर कोषाध्यक्ष शुभम गुनसोला, नगर संयोजक सौरभ राणा, नगर सह संयोजक मयंक भंडारी के साथ ही सत्यम रावत को कालेज अध्यक्ष, अतुल राणा को उपाध्यक्ष, गोविंद कुमार को महासचिव बनाने के साथ ही संकाय प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य चौहान, वरिष्ठ नेता हितेश बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## श्रीदेवसुमन विवि ऋषिकेश के 25 छात्रों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग

ऋषिकेश। श्रीदेवसुमन विश्वविद्यालय उत्तराखंड ऋषिकेश परिसर के विभिन्न संकाय के एससी–एसटी के 25 छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय की ओर से निःशुल्क सिविल सर्विसेज की कोचिंग कराई जाएगी।

# पंप हाउसों की स्थिति संतोषजनक न होने पर भड़के विधायक किशोर

## विधायक ने किया पेयजल योजना का लोकार्पण



नई टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने चमोली में करंट लगने के कारण हुई दुर्घटना के चलते कुट्ठा व भैंतोगी स्थित पंप हाउस का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विधायक ने 50 लाख की लागत से बनने वाली कोटी चिरपालियोकी चोरियाधार पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया।

पंप हाउसों की स्थिति संतोषजनक न पाये जाने पर विधायक ने खासी नाराजगी जाहिर की। इस बाबत डीएम मयूर दीक्षित से वार्ता करते हुए विधायक ने पंप हाउसों की स्थिति सुधारने की बात कही। दूरभाष पर जल संस्थान के ईई भारद्वाज को भी पंप हाउसों की स्थिति से अवगत कराते हुए कि पंप हाउसों को लेकर जल्दी से ठोस कदम उठायें जायें, ताकि किसी भी अनहोनी घटना से बचा जा सके। पंप हाउसों के निरीक्षण के बाद विधायक किशोर ने 50 लाख की लागत से बनने वाली कोटी चिरपालियोकी (चोरियाधार) पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि विगत कई वर्षों से गांवों की पेयजल समस्या का इस योजना के बनने के बाद समाधान होगा। लोगों को योजना से राहत मिलेगी यह योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर के नल तक जल पहुंचाने का काम करेगी। इस मौके पर ईई जीममणि बेलवाल, एई भीम लाल निराला, दीपक चमोली, भाजपा जिला महामंत्री उदय रावत, केसर रावत सहित अन्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बैराज रोड पर गड्ढे ही गड्ढे, हादसे का खतरा

ऋषिकेश। पीडब्ल्यूडी की बैराज रोड दो दफा बनने के बाद भी टिक नहीं पा रही है। सड़क कहीं धंस रही है, तो कहीं बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन सवारों को सड़क से गुजरते वक्त हादसे का खतरा सता रहा है। बावजूद, लापरवाह अधिकारी कार्रवाई की बजाए खामोश नजर आ रहे हैं। शायद उन्हें इस सड़क पर किसी बड़े हादसे का इंतजार है। नेशनल हाईवे से एम्स, बैराज और आईडीपीएल को जोड़ने वाली सड़क सीवर लाइन बिछाने के बाद दो बार बन चुकी है। इस पर हाल ही में दो करोड़ रुपये सरकार ने खर्च किए हैं।

# कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री अग्रवाल को दिखाए काले झंडे

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी में आपदा कार्यों की समीक्षा बैठक और निरीक्षण को पहुंचे कैबिनेट व प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को जगह-जगह लोगों का भारी विरोध झेलना पड़ा। कांग्रेसियों ने भी एनआईएम के नजदीक सड़क पर उनके विरोध में जमकर नारेबाजी कर काले झंडे दिखाए। समस्याएं लेकर मंत्री से मिलने पहुंचीं ग्रामीण महिलाओं ने भी एनआई-ईएम रोड जमकर नारे लगाए।

शुक्रवार को प्रभारी मंत्री प्रेमचंद ने एनआईएम में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आपदा कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक पहले जिला सभागार में प्रस्तावित थी,

G20 | उत्तर रेलवे | आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धि पत्र

विषयः निविदा सूचना संख्या 105-DRM-MB-23-24 dated 18.07.2023 के संबंध में।

उपरोक्त निविदा की अनुमानित लागत ₹2,67,67,007.65 के स्थान पर ₹2,67,67,092.55 पढ़ी जाए तथा schedule के एन०एस० आइटम संख्या 16 को हटाकर आइटम संख्या 19 और 20 को जोड़ा गया है जो कि IREPS वेबसाइट पर उपलब्ध है निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

2246/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डोईवाला में इंटीग्रेटेड टाउनशिप के विरोध में उतरे लोग

ऋषिकेश। डोईवाला में लगातार नई इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना का विरोध जारी है। शुक्रवार को जीवनवाला में ग्रामीणों ने बैठक कर इस योजना के विरोध में प्रस्ताव पारित किया।

शुक्रवार को ग्राम सभा जीवनवाला के अंतर्गत फतेहपुर ग्राम पंचायत भवन में खुली बैठक का आयोजन हुआ।

ग्राम प्रधान परमजीत कौर ने कहा कि समाचार पत्रों से पता चल रहा है कि डोईवाला में इंटीग्रेटेड टाउनशिप का कार्य सरकार द्वारा प्रस्तावित है। कहा कि किसी भी हाल में यहां नया शहर नहीं बसने देंगे। इंटीग्रेटेड टाउनशिप के लिए क्षेत्र के लोग अपनी जमीन नहीं देंगे।

ग्रामीणों ने कहा कि अगर सरकार जबरन इस योजना को धरातल पर उतारती है तो इसका विरोध कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में ग्राम जीवन वाला, फतेहपुर टांडा, माजरी ग्रांट, शेरगढ़ व आसपास के ग्रामीणों ने शिरकत की। सभी ने डोईवाला में इंटीग्रेटेड टाउनशिप के विरोध में प्रस्ताव पारित किया। बैठक में डोईवाला कनिष्ठ प्रमुख विनोद राणा, पूर्व प्रधान सुंदर दास, पूर्व प्रधान इंदरजीत सिंह, गुरजीत सिंह लाडी, सुंदरलाल बिजल्वान, हरिकृष्ण बिजल्वान, हरकमल सिंह, पूर्व प्रधान ताजेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नसीब कौर, कमलजीत कौर, वीरेंद्र, राजेंद्र, ओमप्रकाश करणपाल आदि उपस्थित रहे।

# एम्स के सुरक्षाकर्मियों ने की मारपीट

ऋषिकेश। एम्स में वीडियोग्राफी को लेकर सुरक्षाकर्मियों ने कुछ लोगों को जमकर पीट दिया। इस दौरान गाली–गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस ने बलवा समेत कई धाराओं में कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र सिंह नेगी निवासी शिवाजीनगर ने शिकायत में बताया कि वह साथियों के साथ एम्स में चमोली हादसे के घायलों का हालचाल जानने के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि एम्स के सुरक्षाकर्मियों ने उनसे बेवजह बहस की। वीडियो बनाने के दौरान पूर्व सैनिक और संगठन का हवाला देते हुए झुंड बनाकर अंधेरे में जमकर मारपीट की। साथियों को भी लाठी–डंडों से पीटा गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 323, 504 और 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। एसएसआई दर्शन काला ने बताया कि अज्ञातों की पहचान के लिए घटनाक्रम की वायरल वीडियो की फुटेज की मदद ली जा रही है। एम्स के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। जल्द शिनाख्त कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष के समक्ष पेश किया जाएगा।

## चमोली हादसे के मृतकों की स्मृति पर रोपे पौधे

ऋषिकेश।भाजपा कार्यकर्ताओं ने चमोली हादसे के मृतकों के प्रति शोक जताया। उन्होंने मृतकों की स्मृति पर पौधरोपण कर उनके आत्मशांति की प्रार्थना की। शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग नगरी रेलवे स्टेशन में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत चमोली हादसे मे दिवंगत लोगों की स्मृति में फलदार पौधों का रोपण किया गया। सभी ने दो मिनट का मौन रख चमोली हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता दुख की इस घड़ी में दिवंगत लोगों के परिवार के साथ खड़ा है। मौके पर ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, जिला उपाध्यक्ष प्रतीक कालिया, हेमलता चौहान, रमेश अरोड़ा, जयंत शर्मा, विमल नेगी आदि उपस्थित रहे।

## क्षतिग्रस्त साइन बोर्ड दे रहा दुर्घटना को न्यौता

विकासनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंबाड़ी कस्बे में बीते दो माह से क्षतिग्रस्त साइन बोर्ड कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इससे वाहन दुर्घटना के साथ ही दुकानों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा भी बना हुआ है। साइन बोर्ड क्षतिग्रस्त होने के कारण यात्रियों को भी अपने गंतव्य के लिए सही दिशा की जानकारी नहीं मिल रही है।

## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विशान्त डोगरा एवं पुत्रवधु नेहा डोगरा मेरे व मेरी पत्नी सरस्वती डोगरा के कहने सुनने में नहीं है तथा उनका व्यवहार मेरे व मेरी पत्नी के साथ सही नहीं है। इसलिए मैं अपने पुत्र विशान्त डोगरा एवं पुत्रवधु नेहा डोगरा से सम्बन्ध विच्छेद कर उनको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। मेरा पुत्र विशान्त डोगरा एवं पुत्रवधु नेहा डोगरा अपने हर प्रकार के लेन-देन एवं कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार रहेंगे तथा उनके द्वारा किये गये किये गये किसी भी प्रकार के लेन-देन व कृत्य के लिए मैं एवं मेरे परिवार के सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अब मेरा एवं मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई लेना देना नहीं रह गया है।

**विजयपाल सिंह डोगरा पुत्र स्व0 श्याम लाल डोगरा निवासी फायर ब्रिगेड कॉलोनी के पास रतनपुर, सुखरौ, बी0ई0एल0 रोड कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**

स्थापित 1979.... संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल
जयन्त
हिन्दी दैनिक
www.dainikjayantnews.com
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

नरेन्द्र उनियाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट

आमंत्रण-पत्र

सम्मानित महोदय/महोदया,

लोकतंत्र सेनानी, प्रख्यात पत्रकार जयन्त संस्थापक एवं जनआन्दोलनों के प्रणेता स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल के जीवन पर आधारित पुस्तक

''आपातकाल के शहीद : लोकतंत्र सैनानी पत्रकार नरेन्द्र उनियाल''

का लोकार्पण उनकी 41वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर 22 जुलाई 2023 को किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

मुख्य अतिथि

श्री भगत सिंह कोश्यारी जी

(पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र राज्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड राज्य)

विशिष्ट अतिथि

श्री तीरथ सिंह रावत

(सांसद गढ़वाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड)

स्थान : राजकीय प्रेक्षागृह, बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार

दिनांक : 22 जुलाई 2023 | समय : पूर्वाह्न 11 बजे

सम्पर्क : 9412081969

आकांक्षी

नागेन्द्र उनियाल

सम्पादक / अध्यक्ष

जयन्त-विचार



सम्पादकीय

## प्राकृतिक आपदाओं से जूझता प्रदेश

उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं का दौर मानवता हुआ नजर नहीं आ रहा है। जहां मैदानी क्षेत्रों में बारिश का असर कुछ कम देखने को मिल रहा है तो वही उत्तराखंड में लगातार बारिश में जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। उत्तराखंड की विश्वविख्यात चार धाम यात्रा पूरी तरह से बाधित है, खासतौर से बद्रीनाथ एवं केदारनाथ की ओर जाने वाले मार्ग जगह–जगह से भूस्खलन की चपेट में आने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। हालांकि बीआरओ एवं स्थानीय प्रशासन के साथ संबंधित क्षेत्र की पुलिस छतिग्रस्त मार्गों को खोलने का प्रयास कर रही है लेकिन कई मार्ग एवम पुल इस कदर से अपना अस्तित्व खो चुके हैं कि उन्हें सुचारू रूप से प्रयोग में लाने के लिए समय लग सकता है। भारी बरसात से नुकसान का दौर अभी भी जारी है, जिसमे पौड़ी के थलीसैंण बादल फटने से भारी तबाही हुई है जहां पांच से अधिक गांवों की आवाजाही ठप हो गई है। जबकि पट्टी के 80 गांवों की आवाजाही प्रभावित हुई है। वहीं बारिश से कोटद्वार पनियाली गदेरा अचानक उफान पर आ गया और लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया। वहीं, आस–पास के इलाकों में भी बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। 15 दिनों से उत्तराखंड में बारिश का जोर काफी उफान पर दिखाई दे रहा है और व्यापक तौर पर जानमाल की हानि हुई है। प्रदेश का राहत तंत्र पूरी मुस्तैदी के साथ रात कार्य में जुटा हुआ है लेकिन प्राकृतिक आपदा के आगे कहीं ना कहीं इंसान के प्रयास बौने साबित हो जाते हैं। मानसून की हर बारिश पहाड़ों में अपने पीछे विनाश के बड़े निशान छोड़ जाती है जिससे उबरने के लिए सरकार एवं क्षेत्र के लोगों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

उत्तराखंड की केदारनाथ आपदा हो या फिर अलग–अलग क्षेत्रों में बादल फटने की घटनाएं, उत्तराखंड को हमेशा ही ना भूलने वाले गहरे जख्म दिए हैं। उत्तराखंड के लिए बारिश का यह समय अभी भी राहत देने वाला नहीं है और अगले कुछ दिनों में बड़े अलर्ट का संकेत भी मौसम विभाग द्वारा दिया गया है। चार धाम यात्रा की शुरुआत से लेकर मानसून समाप्त होने तक प्रदेश का समूचे तंत्र प्राकृतिक विपदाओं से संघर्ष करता हुआ नजर आता है और कहीं ना कहीं उत्तराखंड के लोगों ने भी प्राकृतिक आपदाओं के बीच जीना सीख लिया है। प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए सरकार व्यापक तौर पर मदद भी करती है, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद प्रकृति के कोप से बचने का कोई स्थाई समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। ना केवल पहाड़ी क्षेत्रों में बल्कि भारी बारिश मैदानी क्षेत्रों को भी अपनी आगोश में ले चुकी है, मैदानी क्षेत्रों के अनियोजित विकास ने जलभराव की स्थिति पैदा कर दी है जो समय के साथ–साथ विकराल रूप धारण करती जा रही है। राज्य सरकार को अब गंभीरता से प्राकृतिक आपदाओं से लड़ने के लिए मैदानी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष कार्य योजना बनाने की जरूरत है ताकि आपदा के समय त्वरित कार्रवाई करते हुए नुकसान को कम किया जा सके। सरकार को भविष्य की अपनी योजनाओं में नदी के किनारे बने निर्माणों को लेकर कोई ठोस निर्णय लेना होगा साथ ही नदी नालों पर किए गए अब अवैध कब्जा की दिशा में भी नीति निर्धारित करनी होगी।

# मुकाबले का मैदान सज गया

**2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 38 .5 फीसदी वोट मिले थे, जो 2019 में बढ़ कर 45 फीसदी हो गए। यानी पांच साल राज करने के बाद साढ़े छह फीसदी वोट का इजाफा हुआ। यह सत्ता के लिए सकारात्मक वोट था। यानी 2019 में प्रो इन्कम्बैंसी वोटिंग हुई थी। क्या इस बार एंटी इन्कम्बैंसी वोटिंग हो सकती है?**

**विपक्षी पार्टियां इसी उम्मीद में हैं। वे पिछले दो चुनाव के आंकड़ों को खारिज कर रही हैं। उनका कहना है कि अब आम मतदाता की धारणा बदल गई है। उसने नरेंद्र मोदी सरकार से जो उम्मीद बांधी थी वह उम्मीद टूट गई है। उसका मोहभंग हुआ है क्योंकि महंगाई व बेरोजगारी कम नहीं हुई। गरीबी बढ़ती गई है। अर्थव्यवस्था की स्थिति खराब है। सामाजिक विभाजन बढ़ा है। चीन से लगती सीमा असुरक्षित हुई है। साथ ही भाजपा विरोधी सभी पार्टियां एकजुट होकर उसे चुनौती दे रही हैं, जिससे उनका वोट नहीं बंटेगा। भाजपा के हर उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार होगा, जिसे सिर्फ गठबंधन के सामाजिक समीकरण का वोट नहीं मिलेगा, बल्कि सत्ता विरोध का वोट भी मिलेगा। अगर ऐसा होता है तो भाजपा और विपक्षी गठबंधन दोनों से समान दूरी रखने वाली पार्टियों को भी इसका निश्चित नुकसान होगा।**

अजीत द्विवेदी

बेंगलुरू और दिल्ली में हुई दो बैठकों के बाद अगले लोकसभा चुनाव का मैदान सज गया है। एक तरफ भाजपा के नेतृत्व में 38 पार्टियों का एनडीए है तो दूसरी ओर अघोषित रूप से कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष की 26 पार्टियां हैं, जिनके गठबंधन का नाम 'इंडिया' है। सो, 2024 का मुकाबला एनडीए बनाम 'इंडिया' का है। भाजपा गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं लेकिन अब तकनीकी रूप से मुकाबला मोदी बनाम अन्य नहीं है। भाजपा के नेता अब भी पूछेंगे कि मोदी के मुकाबले विपक्ष का चेहरा कौन है लेकिन अब यह सवाल अप्रासंगिक हो गया क्योंकि अब सत्तापक्ष की ओर से मोदी नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि एनडीए लड़ रहा है, जो फिलहाल 38 पार्टियों का गठबंधन और भाजपा उसका नेतृत्व कर रही है। मोदी उस गठबंधन के नेता हैं लेकिन अब वे और भाजपा यह कहने की स्थिति में नहीं हैं कि वे अकेले समूचे विपक्ष पर भारी हैं। विपक्ष पर भारी पडऩे के लिए उनको विपक्षी पार्टियों की संख्या से ज्यादा संख्या में अपनी समर्थक पार्टियां दिखानी पड़ी हैं। सो, अगला चुनाव दो गठबंधनों का मुकाबला है। अब चाह कर भी भाजपा इस स्थिति को नहीं बदल सकेगी।

यह पता नहीं है भाजपा ने किस दूरगामी रणनीति को ध्यान में रख कर ऐसा किया है या विपक्षी पार्टियों के गठबंधन से घबरा कर उसने यह तात्कालिक कदम उठाया है। क्योंकि भाजपा के चुनाव रणनीतिकारों को पता होगा कि उन्होंने ब्रांड नरेंद्र मोदी का महत्व घटा दिया है। ऊपर से ऐसी पार्टियों को गठबंधन में शामिल किया है, जिनके पास थोड़े थोड़े वोट तो हैं लेकिन उनके नेताओं की साख बहुत अच्छी नहीं है। भाजपा के साथ रहे नेताओं ने फिर से गठबंधन में वापसी की है। लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा से अलग होने के बाद उन्होंने उसके बारे में जो बयान दिए थे, वो बयान भले राष्ट्रीय मीडिया में नहीं दिखाई दें लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों को पता हैं। इन सबके फिर से भाजपा के साथ आने से आम लोगों में यह मैसेज गया है कि सत्ता के लिए दोनों तरफ समझौता किया जा रहा है। सत्ता के लिए भ्रष्ट व परिवारवादी गठबंधन बनाने का आरोप भाजपा विपक्षी पार्टियों पर लगा रही है लेकिन यह आरोप उसके ऊपर भी चस्पां हो रहा है। अशोका होटल में प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोटो खिंचवा रहे नेताओं में अनेक चेहरे भ्रष्टाचार और परिवारवाद के प्रतीक के तौर पर आम लोगों के दिमाग में दर्ज हैं।



हालांकि अगर दोनों गठबंधनों की ताकत और कमजोरी का आकलन करें तो जो तस्वीर बनती है वह विपक्ष के लिए बहुत अच्छी नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में यानी 2019 में भाजपा और उसकी तब की सहयोगी पार्टियों को 45 फीसदी वोट मिले थे, जिसमें अकेले भाजपा का वोट 37.6 फीसदी था। दूसरी ओर कांग्रेस के साथ बेंगलुरू में जिन पार्टियों की बैठक हुई उन सबको मिला कर कुल वोट 38 फीसदी के करीब यानी भाजपा के बराबर मिला था। यानी अकेले भाजपा बेंगलुरू बैठक में शामिल विपक्ष की सभी पार्टियों पर भारी है। यह भी ध्यान रखने की बात है कि बेंगलुरू बैठक में शामिल विपक्षी पार्टियां भाजपा विरोध का पूरा वोट हासिल करने का दावा नहीं कर सकती हैं क्योंकि कई बड़े राज्यों में सत्तारूढ़ या मुख्य विपक्षी पार्टियां दोनों गठबंधनों से अलग हैं। ओडिशा में बीजू जनता दल, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और तेलुगू देशम पार्टी, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति और पंजाब में अकाली दल ऐसी बड़ी पार्टियां हैं, जो फिलहाल किसी गठबंधन के साथ नहीं हैं। सो, विपक्ष की उम्मीद इस बात पर है कि 10 साल के राज के बाद सत्ता विरोधी लहर से भाजपा और उसकी सहयोगियों का वोट कम होगा और वह वोट उसको चुनौती दे रहे विपक्षी गठबंधन को मिल जाएगा।

इस उम्मीद का पूरा होना भी आसान नहीं है क्योंकि पिछले चुनाव में 224 लोकसभा सीटों पर भाजपा को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। यह आंकड़ा 2014 के चुनाव में इससे बहुत कम था। 2014 में 131 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। यानी पांच साल राज करने के बाद भाजपा को करीब एक सौ अतिरिक्त सीटों पर 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। यह ट्रेंड ओवरऑल वोट प्रतिशत में भी दिखता है।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 38.5 फीसदी वोट मिले थे, जो 2019 में बढ़ कर 45 फीसदी हो गए। यानी पांच साल राज करने के बाद साढ़े छह फीसदी वोट का इजाफा हुआ। यह सत्ता के लिए सकारात्मक वोट था। यानी 2019 में प्रो इन्कम्बैंसी वोटिंग हुई थी। क्या इस बार एंटी इन्कम्बैंसी वोटिंग हो सकती है?

विपक्षी पार्टियां इसी उम्मीद में हैं। वे पिछले दो चुनाव के आंकड़ों को खारिज कर रही हैं। उनका कहना है कि अब आम मतदाता की धारणा बदल गई है। उसने नरेंद्र मोदी सरकार से जो उम्मीद बांधी थी वह उम्मीद टूट गई है। उसका मोहभंग हुआ है क्योंकि महंगाई व बेरोजगारी कम नहीं हुई। गरीबी बढ़ती गई है। अर्थव्यवस्था की स्थिति खराब है। सामाजिक विभाजन बढ़ा है। चीन से लगती सीमा असुरक्षित हुई है। साथ ही भाजपा विरोधी सभी पार्टियां एकजुट होकर उसे चुनौती दे रही हैं, जिससे उनका वोट नहीं बंटेगा। भाजपा के हर उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार होगा, जिसे सिर्फ गठबंधन के सामाजिक समीकरण का वोट नहीं मिलेगा, बल्कि सत्ता विरोध का वोट भी मिलेगा। अगर ऐसा होता है तो भाजपा और विपक्षी गठबंधन दोनों से समान दूरी रखने वाली पार्टियों को भी इसका निश्चित नुकसान होगा।

अगर दोनों गठबंधनों को राज्यवार देखें तो विपक्ष की ताकत ज्यादा दिखाई देगी। मिसाल के तौर पर बिहार में भाजपा की पुरानी सहयोगी जदयू ने उसका साथ छोड़ दिया है। भाजपा तीन छोटी सहयोगी पार्टियों से उस नुकसान की भरपाई नहीं कर पाएगी। इसी तरह झारखंड में भाजपा बनाम आजसू के मुकाबले जेएमएम, कांग्रेस, राजद व जदयू की ताकत बड़ी है। महाराष्ट्र में शिव सेना व एनसीपी से अलग हुए नेताओं के दम पर भाजपा ठाकरे परिवार वाली शिव सेना और शरद पवार की एनसीपी वाले कांग्रेस गठबंधन का मुकाबला कर पाएगी, यह थोड़ा मुश्किल लग रहा है। पंजाब में राजनीति की केंद्रीय ताकत आम आदमी पार्टी है और दूसरे नंबर पर कांग्रेस है। वहां भाजपा अगर अकाली दल के साथ गठबंधन करती भी है तो मुकाबला मुश्किल होगा। दक्षिण भारत में भाजपा सिर्फ कर्नाटक में मजबूत है लेकिन विधानसभा चुनाव हारने के बाद वहां भी उसकी राजनीति पटरी से उतरी है। सो, पूरा दक्षिण भारत उसके हाथ से निकलता दिख रहा है। मणिपुर की घटना के बाद पूर्वोत्तर की राजनीति पर गहरा असर होने की संभावना है। दिलचस्प बात यह है कि उसके साथ दिल्ली की बैठक में शामिल अन्ना डीएमके को छोड़ कर कोई भी पार्टी किसी भी राज्य में बड़ा असर डालने की स्थिति में नहीं है।

हां, यह जरूर है कि बिहार और झारखंड छोड़ कर भाजपा हिंदी पट्टी के राज्यों में अपने दम पर मजबूत है। हिंदी पट्टी के राज्यों– खास कर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली में भाजपा अपनी ताकत के दम पर लड़ेगी। इसके अलावा गुजरात और महाराष्ट्र भी उसकी अपनी ताकत वाला राज्य है। इन राज्यों में लोकसभा की 245 सीटें हैं, जिनमें से 204 सीटें भाजपा के पास हैं, जिनमें से 160 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। यह भाजपा की ताकत वाला क्षेत्र है और महाराष्ट्र को छोड़ दें तो बाकी राज्यों में न भाजपा का गठबंधन काम आना है और न विपक्षी पार्टी का गठबंधन काम आना है। इन 245 में से महाराष्ट्र को छोड़ कर 197 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस का मुकाबला होना है। भाजपा की जो हवा बनेगी वह इन राज्यों और इन सीटों से बनेगी। बाकी गठबंधन तो धारणा को प्रभावित करने के काम आएगा।

## प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल हो सकता है खतरनाक

मां बनना एक बहुत ही खूबसूरत एहसास होता है लेकिन यह जर्नी काफी कठिन होती है. इसमें मां को अपने सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है क्योंकि जरा सी लापरवाही बच्चे पर भी बुरा असर करती है. सही खानपान, नियमित एक्सरसाइज औऱ डॉक्टर से फॉलो अप के साथ–साथ प्रेग्नेंट महिलाओं को फोन से भी दूरी बनानी चाहिए.प्रेगनेंसी के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल से पेट में पल रहे बच्चे के विकास पर बुरा असर पड़ सकता है आइए जानते हैं एक एक्सपर्ट इस पर क्या कहते हैं.

शोध में ये बात आई सामने

रिपोर्ट के मुताबिक येल स्कूल ऑफ मेडिसिन में किए गए शोध में पाया गया है कि अत्याधिक मोबाइल रेडिएशन में अगर गर्भवती महिलाएं रहती हैं तो जन्म के बाद बच्चे को जीवन भर बिहेवियर प्रॉब्लम से गुजरना पड़ता है.यही नहीं इसकी वजह से गर्भ में पल रहे बच्चे के मानसिक विकास पर भी पुरा असर पड़ता है.बच्चे बचपन से ही काफी हाइपरएक्टिव हो सकते हैं.और उनका व्यवहार भी अन्य बच्चों की तुलना में ज्यादा उत्तेजित हो सकता है.ये खास कर गर्भावस्था के 2 से 18 सप्ताह के बीच नुकसान पहुंचा सकता है.

आपको बता दें कि इससे इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन निकलता है.ये वेव्स शरीर के डीएनए को डैमेज कर सकता है औऱ हमारे शरीर में बन रहे जीवीत सेल्स के मोलक्यूल्स को बदल सकते हैं.ये आगे जाकर बच्चे के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है.महिलाएं लंबे समय तक रेडिएशन के संपर्क में रहती हैं तो इससे उनके दिमाग पर असर पड़ सकता है. नींद का पैटर्न गड़बड़ हो सकता है.इससे थकान, एंग्जाइती जैसी प्रॉब्लम हो सकता है.इससे य़ाददाश पर भी असर पड़ सकता है.डेनमार्क में भी हुई एक स्टडी में सामने आया था कि जो महिलाएं डिलीवरी के पहले और बाद में स्मार्टफोन का ज्यादा इस्तेमाल करते थे उनके बच्चे में हाइपरएक्टिविटी और व्यवहार से जुड़ी समस्याएं थी.

प्रेग्नेंट महिलाएं फोन से कैसे बनाएं दूरी

*मोबाइल फोन पर बात करने के बजाए मेसेज में बात करें.

*इस दौरान ज्यादा सोशल मीडिया को स्क्रॉल करने से बचें.

*फोन पर बात भी करना है तो हैंड फ्री कर के ही बात करें ताकी शरीर के नजदीक रेडिएशन को कम किया जा सके..

# तो बाइडन ने न्यौता नेतन्याहू को !





श्रुति व्यास

अमेरिका कुछ समय पहले तक इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से नाराज़ था। इसकी वजहें भी साफ थीं। जबसे नेतन्याहू सत्ता में आए हैं (उन्होंने आखिरी बार 2022 में चुनाव जीता था) तब से उनके देश में अराजकता का माहौल है झ्र संवैधानिक और सामाजिक तौर पर और फिलिस्तीन मुद्दे सभीको लेकर।

तभी इजराइल के सबसे नजदीकी दोस्त होने के नाते अमेरिका की नेतन्याहू से नाराजग़ी जायज़ थी।बाइडन ने फरवरी में ही साफ कर दिया था कि नेतन्याहू सरकार के प्रस्तावित न्यायिक सुधार, उन साझा मूल्यों से मेल नहीं खाते जो इजराइल और अमरीका की दोस्ती के आधार हैं।फिर समय के साथ यह साफ़ भी होता गया कि नेतन्याहू न्यायिक सुधारों के नाम पर इजराइल में कार्यपालिका की जो दादागिरी बनवा रहे है उससे अमेरिका व पश्चिमी देशों में वे खलनायक होते जा रहे है। इसलिए सुधारों को ठंडे बस्ते में डालेंगे तभी वे व्हाईट हाउस जा पाएंगे। मार्च में बाइडन ने कहा था कि "आने वाले कुछ दिनों" में नेतन्याहू की यात्रा नहीं होने वाली है। पिछले हफ्ते जब उनसे पूछा गया कि क्या वे नेतन्याहू को आमंत्रित करने वाले हैं, तब कुछ देर आगा–पीछा करने के बाद उन्होंने इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग, जिन्हें उनके देश में केवल रस्मी दर्जा हासिल है, के व्हाइट हाउस आने का हवाला दिया और कहा कि "वहां हमारे दूसरे कांटेक्ट भी हैं"।हाल में उन्होंने नेतन्याहू सरकार के अतिवादी मंत्रियों के खिलाफ आग उगलते हुए कहा था कि अपने दशकों के राजनीतिक जीवन में उन्होंने जितनी सरकारें देखीं हैं उनमें से यह "सबसे उग्रपंथियों में से एक" है।, जाहिर है नेतन्याहू और राजनीति की उनकी शैली दोनों से राष्ट्रपति बाइडननाराज़ और परेशान हैं।

परन्तु शायद बाडइन को एक (मोदी) को आमंत्रित करने और दूसरे (नेतन्याहू) की उपेक्षा करने पर आलोचना का सामना करना पड़ा हो और इसलिए एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में उन्होने सोमवार (16 जुलाई) को बीबी (नेतन्याहू) से टेलीफोन पर बात की। और उन्हें निकट भविष्य में बातचीत के लिए अमेरिका आने के लिए आमंत्रित किया। व्हाईट हाउस के अनुसार सोमवार को टेलीफोन पर उन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई जिन्हें व्हाईट हाउस ने हर्जोग से बातचीत के एजेंडा में रखा है।

बाइडन और हर्जोग के बीच उन उपायों पर चर्चा प्रस्तावित है जिनसे इजरायलियों और फिलस्तीनियों को ज्यादा आज़ादी और सुरक्षा हासिल हो सके, ईरान के ''अस्थिरता उत्पन्न करने वाले रवैये" से निपटा जा सके और "इजराइल को दुनिया के उस क्षेत्र, जिसमें वह है, से बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके"।इसमें कोई संदेह नहीं कि बाइडन को ऐसे नेताओं के साथ काम करना पड़ रहा है जिनका मिजाज उनके जैसा नहीं है। नेतन्याहू के बारे में उनकी बहुचर्चित राय से यह एकदम साफ़ है: ''बीबी तुम जो कह रहे हो उससे मैं जरा भी सहमत नहीं हूं लेकिन मैं तुम्हें पसंद करता हूं"।

लेकिन कूटनीतिक स्तर पर इजराइल को झिडक़ने वाला रवैया कभी ने कभी तो खत्म होना ही था। इजराइल अमेरिका का बहुत ख़ास दोस्त है और दोस्त की आंतरिक समस्याएं चाहे जो भी हों, अमरीका उनमें दखलअंदाजी करके अपनी वैश्विक राजनीति को खतरे में नहीं डाल सकता। आखिरकार बहुत से गंभीर मामलों में उसे इजराइल के सहयोग की जरूरत है खासतौर से ईरान के मामले में। इसके अलावा इजराइल और सऊदी अरब के संबंध सामान्य बनाने के समझौते और इजराइल–फिलिस्तीन में टकराव को काबू में रखने के मसले भी हैं।अगर फिलिस्तीन का मसला गर्म बना रहता है तो इजराइल और सउदी अरब के संबंध सामान्य कैसे हो पाएंगे? इजराइल के प्रधानमंत्रियों के प्रति बाइडन का रवैया यही रहा है कि उन्हें सहा जाए। लेकिन नेतन्याहू के अँधेरे में घिरते जाने से उन्होंने अपना रुख कुछ कड़ा कर लिया था। आखिरकार बाइडन को घरेलू राजनीति का ख्याल भी रखना है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डेसांटिस सहित रिपब्लिकन पार्टी के नेता बीबी को निमंत्रित न करने के लिए सरकार की आलोचना कर रहे हैं। वहीं इजराइल में जो कुछ हो रहा है उसके मद्देनजर उनकी अपनी डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेता कांग्रेस में हर्जोग के भाषण का बहिष्कार करने का मन बना रहे हैं।

अब जब कि नेतन्याहू को निमंत्रित कर दिया गया है झ्र और शायद वे पतझड़ में अमेरिका जाएंगे झ्र उम्मीद है कि दोनों नेता विवाद के मुद्दे सुलझा लेंगे। परन्तु इस मुलाकात में कितनी गर्मजोशी रहेगी, यह इस पर निर्भर करेगा कि नेतन्याहू की अति–दक्षिणपंथी सरकार संवैधानिक संकट से उपजे जन असंतोष से कैसे निपटती है।

**बाइडन और हर्जोग के बीच उन उपायों पर चर्चा प्रस्तावित है जिनसे इजरायलियों और फिलस्तीनियों को ज्यादा आज़ादी और सुरक्षा हासिल हो सके, ईरान के ''अस्थिरता उत्पन्न करने वाले रवैये" से निपटा जा सके और "इजराइल को दुनिया के उस क्षेत्र, जिसमें वह है, से बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके"।इसमें कोई संदेह नहीं कि बाइडन को ऐसे नेताओं के साथ काम करना पड़ रहा है जिनका मिजाज उनके जैसा नहीं है। नेतन्याहू के बारे में उनकी बहुचर्चित राय से यह एकदम साफ़ है: ''बीबी तुम जो कह रहे हो उससे मैं जरा भी सहमत नहीं हूं लेकिन मैं तुम्हें पसंद करता हूं"। लेकिन कूटनीतिक स्तर पर इजराइल को झिडक़ने वाला रवैया कभी ने कभी तो खत्म होना ही था। इजराइल अमेरिका का बहुत ख़ास दोस्त है और दोस्त की आंतरिक समस्याएं चाहे जो भी हों, अमरीका उनमें दखलअंदाजी करके अपनी वैश्विक राजनीति को खतरे में नहीं डाल सकता। आखिरकार बहुत से गंभीर मामलों में उसे इजराइल के सहयोग की जरूरत है खासतौर से ईरान के मामले में। इसके अलावा इजराइल और सऊदी अरब के संबंध सामान्य बनाने के समझौते और इजराइल–फिलिस्तीन में टकराव को काबू में रखने के मसले भी हैं।अगर फिलिस्तीन का मसला गर्म बना रहता है तो इजराइल और सउदी अरब के संबंध सामान्य कैसे हो पाएंगे? इजराइल के प्रधानमंत्रियों के प्रति बाइडन का रवैया यही रहा है कि उन्हें सहा जाए। लेकिन नेतन्याहू के अँधेरे में घिरते जाने से उन्होंने अपना रुख कुछ कड़ा कर लिया था।**

## अब यूपीए का अस्तित्व खत्म !

तो अब यह माना जाए की आधिकारिक रूप से यूपीए समाप्त हो गया? हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन 'इंडिया' यानी इंडियन नेशनल डेवलमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस की घोषणा हो गई, जिसमें कांग्रेस मुख्य घटक दल है तो फिर यूपीए के बने रहने का कोई मतलब नहीं है। यूपीए की लगभग सभी पार्टियां अब 'इंडिया' का हिस्सा हो गई हैं और इसके अलावा कुछ अन्य दल भी इसमें शामिल हो गए हैं। यूपीए का आकार छोटा है, जबकि 'इंडिया' का बड़ा है। यह नहीं हो सकता है कि दोनों गठबंधन एक साथ अस्तित्व में रहें।

सो, 2004 में बने यूपीए के समाप्त होने का समय आ गया है। कांग्रेस की पूर्व सोनिया गांधी यूपीए की अध्यक्ष हैं और अब कांग्रेस पार्टी इस बात के लिए दबाव बना रही है कि उनको 'इंडिया' का चेयरपर्सन बनाया जाए। हालांकि कई पार्टियों को इस पर आपत्ति हो सकती है। इस बारे में मुंबई में होने वाली विपक्षी पार्टियों की अगली बैठक में कुछ पता चलेगा। अगर सोनिया अध्यक्ष बनती हैं तो उसके बाद यूपीए के औपचारिक रूप से खत्म होने का ऐलान हो सकता है।

# डगमगाती विकासशील अर्थव्यवस्थाएं

जिन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में निर्यात का बड़ा योगदान रहा है, उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। कारण है पश्चिम–खासकर यूरोपीय अर्थव्यवस्था में मंदी। यूरोप में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ी हैं। उस स्थिति उनके बीच उपभोग और मांग घटना स्वाभाविक परिघटना है।

चीन की इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़े अपेक्षा से कमजोर रहे। हालांकि अप्रैल–जून की अवधि में चीनी अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन यह वृद्धि पिछले साल के कमजोर आधार पर है। चीन में पिछला पूरा साल कोरोना प्रभावित रहा था, जिसका उसकी अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ा। इस वर्ष सुधार के संकेत हैं, लेकिन उतना नहीं, जिसकी उम्मीद की गई थी। कुल मिला कर इस वर्ष के पहले छह महीनों चीनी अर्थव्यवस्था की वृद्धि 5.5 प्रतिशत रही। इसके पहले पिछले हफ्ते भारत के आयात–निर्यात के आंकड़े जारी हुए थे। सामने आया कि जून में भारत के निर्यात में 22 प्रतिशत की गिरावट आई। यह लगातार आठवां महीना रहा, जब भारत का निर्यात घटा। दूसरी तरफ आयात में 17 प्रतिशत की गिरावट आई। यह भारत की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्ता का एक संकेत है। दरअसल, बात चीन या भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं तक सीमित नहीं है। बल्कि बांग्लादेश जैसी अपेक्षाकृत छोटी अर्थव्यवस्था से आ रही खबरें भी चिंताजनक है। गुजरे दो दशकों में आर्थिक चमत्कार की मिसाल बताए गए इस देश में आज हाल यह है कि उसका बहुचर्चित कपड़ा उद्योग संकटग्रस्त हो गया है। साइकिल के कई कारखाने बंद हो गए हैं।स्पष्ट है, जिन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में निर्यात का बड़ा योगदान रहा है, उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। कारण है पश्चिमी– खासकर यूरोपीय अर्थव्यवस्था में मंदी। यूरोप में महंगाई और उद्योग धंधों के कारण आम जन का जीवन इतना मुश्किल हुआ है कि ताजा खबरों के मुताबिक लगभग सभी यूरोपीय देशों में आम लोगों को भोजन की मात्रा या गुणवत्ता में कटौती करनी पड़ रही है। उस स्थिति उनके बीच उपभोग और मांग घटना स्वाभाविक परिघटना है।

दैनिक जयन्त- राष्ट्रीय



# महाराष्ट्र में बारिश का कहर: रायगढ़ में तबाही के बाद रेस्क्यू फिर शुरू, अब तक 21 लोगों के शव बरामद

**महाराष्ट्र, एजेंसी।** महाराष्ट्र में लगातार हो रही तेज बारिश ने आफत मचा रखी है। जहां एक ओर, रायगढ़ जिले के इरशालवाडी गांव में हुए भूस्खलन स्थल पर तलाशी अभियान जारी है। यहां अभी तक 119 ग्रामीणों का कुछ पता नहीं चल पाया है। वहीं दूसरी ओर, नांदेड़ जिले के 12 गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। बिलोली तहसील के लगभग 1,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। अब तक एनडीआरएफ ने यहां से 21 शव बरामद किए हैं। इनमें आज के पांच शव और कल के 16 शव शामिल हैं।



महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में बचाव और तलाश अभियान शुक्रवार सुबह फिर से शुरू हो गया। इस दौरान पांच लोगों का शव बरामद हुए हैं, जिसके बाद भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 21 हो गई है। साथ ही कई लोगों के इसमें फंसे होने की आशंका है। बता दें, खराब मौसम के कारण एनडीआरएफ कर्मियों को गुरुवार शाम को भूस्खलन स्थल पर अपना खोज और बचाव अभियान रोकना पड़ा था।

भूस्खलन बुधवार रात करीब 11 बजे मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर दूर तटीय जिले की खालापुर तहसील के अंतर्गत एक पहाड़ी ढलान पर स्थित आदिवासी गांव में हुआ। अधिकारी ने बताया कि गांव के कुल 228 निवासियों में से 21 के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि 93 निवासियों का पता लगाया जा चुका है। हालांकि, कुल 119 ग्रामीणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

कहा जा रहा है कि जिन लोगों का अभी पता नहीं चला है उनमें वे भी शामिल हैं जो किसी शादी में शामिल होने या धान की रोपाई के काम से गांव से बाहर गए थे। अधिकारियों ने बताया कि गांव के लगभग 50 घरों में से 17 भूस्खलन के कारण जमींदोज हो गए।

अधिकारी ने कहा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने रायगढ़ पुलिस और स्थानीय अधिकारियों की टीमों के साथ सुदूर गांव में दूसरे दिन अभियान शुरू किया। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घरगे ने कहा कि तलाशी अभियान सुबह 6.30 बजे शुरू हुआ।

घटनास्थल पर खोज और बचाव कर्मियों को क्षेत्र के कठिन पहाड़ी इलाके के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी क्षेत्र से इरशालवाड़ी तक पहुंचने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लगता है, जहां पक्की सड़क नहीं है। अधिकारी ने कहा कि चूंकि गांव में पक्की सड़क नहीं है, इसलिए मिट्टी खोदने वाली मशीनों और खुदाई करने वालों को आसानी से नहीं ले जाया जा सकता है और इसलिए काम मैन्युअल रूप से किया जा रहा है। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में बिलोली तहसील के लगभग 1,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। भारी बारिश के कारण यहां के 12 गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि राजस्व विभाग के कर्मियों और अन्य लोगों की बचाव टीमों ने गुरुवार शाम से बचाव अभियान चलाया जो देर रात तक जारी रहा।

बता दें, हरनाली, मचनूर, बिलोली, गोलेगांव, अराली, कसाराली, बेलकोनी, कुंडलवाड़ी और गंजगांव सहित 12 गांवों के लगभग 1,000 निवासियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। बारिश के बाद इन गांवों में जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है।

उन्होंने बताया कि इन गांवों की बस्तियों और खेतों में पानी घुसने से लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है। बचाए गए लोगों को पास के जिला परिषद संचालित स्कूलों या ऊंचे इलाकों में स्थित घरों में अस्थायी आश्रय दिया गया है। वहीं कई स्थानीय लोगों ने भी बचाव अभियान में योगदान दिया।

वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कचोर–नेतिवली पहाड़ी पर कब्जा करने वाले लगभग 140 परिवारों को क्षेत्र खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी में बुधवार रात हुए भूस्खलन के मद्देनजर नोटिस जारी किए गए हैं।

कल्याण–डोंबिवली नगर निगम के अधिकारी ने कहा कि पिछले 30 सालों में कब्जा करके रहने वालों ने कई स्थानों पर पहाड़ी को खोद दिया है। जिसके चलते यह क्षेत्र भूस्खलन के प्रति संवेदनशील बना दिया है। महाराष्ट्र सरकार की शहरी नियोजन एजेंसी सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) ने भूस्खलन प्रभावित इरशालवाड़ी गांव में बचाव कार्य के लिए अपने अग्निशमन कर्मियों और 600 मजदूरों को भेजा है।

## शोपियां में पुलिसकर्मी से हथियार छीनने का प्रयास नाकाम

**श्रीनगर एजेंसी ।** जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में गुरुवार को एक पुलिसकर्मी से हथियार छीनने की एक संदिग्ध कोशिश को नाकाम कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक पुलिसकर्मी से हथियार छीनने की कोशिश करने वाले एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना शोपियां के इमाम साहिब इलाके में एक पुलिस चौकी के पास हुई।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हथियार छीनने की कोशिश को नाकाम कर दिया गया और आरोपी को पकडक़र गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान तुरंत नहीं की जा सकी है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में गैर स्थानीय लोगों और सरकारी कर्मचारियों पर एक के बाद एक आतंकवादी हमले हुए हैं।

13 जुलाई की शाम को शोपियां में एक आतंकवादी हमले में बिहार के तीन प्रवासी मजदूरों को गोली मार दी गई जिससे वे घायल हो गए। 18 जुलाई को अनंतनाग जिले में संदिग्ध आतंकवादियों ने दो गैर स्थानीय मजदूरों को गोली मारकर घायल कर दिया। 18 और 19 जुलाई की दरमियानी रात, पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर गोलीबारी की, जिसमें दो वनकर्मी घायल हो गए। उनमें से एक ने बाद में दम तोड़ दिया।

## जयपुर में तीन बार भूकंप के झटकों से कांपी धरती, लोग डर के कारण घरों से निकले बाहर

**जयपुर, एजेंसी ।** राजस्थान की राजधानी जयपुर शुक्रवार तडक़े तीन बार भूकंप के झटकें महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलोजी के अनुसार पहला झटका तडक़े चार बजकर नौ मिनट अड़तीस सैकंड पर आया जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। भूकंप का दूसरा झटका चार बजकर 22 मिनट 57 सैकंड पर महसूस किया गया जिसकी तीव्रता 3.1 मापी गई और इसकी गहराई पांच किलोमीटर थी।

इसके बाद चार बजकर 25 मिनट 33 सैकंड पर भूकंप का तीसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.4 मापी गई और इसकी गहराई दस किलोमीटर थी। भूकंप से नींद में सो रहे लोग अचानक उठ गए और कई लोग घरों के बाहर आ गये। भूकंप के पहले झटके के दौरान जोरदार गडग़ड़ की आवाज सुनाई दी और मकान, दरवाजे एवं खिड़कियां हिलते नजर आये। हालांकि भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप से हुआ कंपन कई घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी दिखाई दिया जिसे सुबह लोग एक दूसरे को भेजकर इस बारे में चर्चा की।

## गजब! दुबई से मां के लिए सोना–चांदी नहीं, बल्कि सूटकेस भरकर टमाटर ले आई बेटी

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** दुबई की एक प्रवासी अपनी मां की इच्छा पूरी करने के लिए अपने सूटकेस में 10 किलो टमाटर लेकर भारत वापस आईं। छुट्टियों के लिए भारत आ रही महिला ने अपनी मां से पूछा कि वह दुबई से क्या चाहती है, उन्होंने जवाब में कहा टमाटर। गौरतलब है कि इन दिनों भारत में टमाटर की कीमतें बहुत अधिक हो चुकी हैं।किस्सा साझा करते हुए, प्रवासी की बहन, जो ट्विटर पर रेव्स नाम से जानी जाती है, ने लिखा, मेरी बहन अपने बच्चों के साथ गर्मियों की छुट्टियों के लिए दुबई से भारत आ रही हैं, और उसने मां से पूछा कि उसे दुबई से कुछ चाहिए, तो मां ने कहा कि 10 किलो टमाटर लाओ। इसलिए उन्होंने 10 किलो टमाटर सूटकेस में पैक करके भेज दिए हैं। यह मनोरंजक कहानी ट्विटर पर वायरल हो गई।

## जंग के चलते 9 साल से बंद यमन का अल ग़ायदाह हवाई अड्डा फिर से खुला

**सना एजेंसी ,।** गृह युद्ध के चलते नौ साल से बंद यमन के पूर्वी प्रांत अल महराह में अल ग़ायदाह हवाई अड्डे को सरकार ने फिर से खोलने की घोषणा की है। हवाई अड्डे को फिर से खोलना सऊदी अरब के किंग सलमान और पुनर्वास प्रयासों का नतीजा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस उपलब्धि को युद्धग्रस्त यमन में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो मौजूदा चुनौतियों के बावजूद बढ़ी हुई कनेक्टिविटी और आर्थिक अवसरों के लिए नई आशा प्रदान करता है।हवाई अड्डे के उद्घाटन समारोह के दौरान, परिवहन मंत्री अब्दुल–सलाम हुमैद ने कहा कि इसे फिर से खोलना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह सरकारी नियंत्रण में आने और उड़ानें फिर से शुरू करने वाला देश का चौथा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन गया है।यमन 2014 से एक विनाशकारी गृहयुद्ध में उलझा हुआ है, जिसमें हौथी विद्रोही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार और उसके सहयोगियों, मुख्य रूप से सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के खिलाफ लड़ रहे हैं।

## पेट्रोलियम डीलरों में पाक सरकार के खिलाफ भारी रोष, ईंधन स्टेशन बंद करने की दी धमकी

**इस्लामाबाद , एजेंसी ।** पाकिस्तान में पेट्रोलियम डीलरों ने धमकी दी है कि अगर सरकार उनके लाभ मार्जिन को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहती है तो अनिश्चित काल के लिए देश भर में ईंधन स्टेशन बंद कर देंगे। एक बयान में, पाकिस्तान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन (पीपीडीए) ने कहा कि उन्हें पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर 5 प्रतिशत की वृद्धि की प्रतिबद्धता को पूरा करने में सरकार की विफलता के खिलाफ विरोध करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार, 5 प्रतिशत लाभ मार्जिन पेट्रोल और डीजल की मौजूदा कीमतों पर प्रति लीटर लाभ 6 पीकेआर( 2.4 प्रतिशत) से बढ़ाकर 12 पीकेआर (5 प्रतिशत) कर देगा। एक डीलर ने कहा कि राज्य मंत्री (पेट्रोलियम डिवीजन) मुसादिक मलिक ने पीपीडीए से संपर्क किया है और इस मुद्दे पर कराची में एक बैठक आयोजित करने का वादा किया है। डीलर ने कहा, लेकिन अगर कोई बैठक नहीं होती है और कोई संतोषजनक नतीजा नहीं निकलता है, तो मुहर्रम के दो दिनों को छोडक़र हड़ताल जारी रहेगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि धार्मिक आयोजन प्रभावित न हों।

फिलहाल, सरकार पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में पाक्षिक पुनर्निर्धारण पर काम कर रही है। 16 जुलाई से प्रभावी नवीनतम कामकाज के अनुसार, डीलरों का लाभ मार्जिन 6 पीकेआर प्रति लीटर के बजाय 7 पीकेआर प्रति लीटर है।हालांकि, डीलरों ने 5 फीसदी बढ़ोतरी की मांग की है, इससे प्रति लीटर 12 पीकेआर का मुनाफा होगा।

एक अन्य डीलर ने कहा, हम अचानक से कुछ भी मांग नहीं कर रहे हैं। यह अप्रैल 2022 में सत्ता संभालने के बाद सरकार द्वारा हमसे की गई एक प्रतिबद्धता है। तब से, हम मलिक से मिलने की कोशिश कर रहे हैं और प्रतिक्रिया में उदासीनता का सामना करना पड़ा है। इससे हमारी हताशा और बढ़ गई है।

नकदी की कमी वाला देश इस समय आर्थिक संकट से गुजर रहा है, इसमें व्यापार करने की लागत ऊंची और असंगत हो गई है, इससे कई डीलरों का मुनाफा कम हो गया है। वर्तमान सरकार का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने वाला है, पेट्रोलियम एसोसिएशन के साथ प्रतिबद्धता को पूरा करने में देरी ने उन्हें अनिश्चितता में छोड़ दिया है।

कराची के एक पेट्रोलियम डीलर मलिक खुदा बख्श ने कहा, सरकार की प्रतिबद्धता पर हमारी चिंताएं वैध हैं और अब, हम इसके पूरा होने के बारे में भी अनिश्चित हैं, क्योंकि सरकार का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

## सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार, विपक्ष बार–बार बदल रहा स्टैंड : मेघवाल

**नई दिल्ली एजेंसी ।** केंद्रीय कानून मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मणिपुर पर सरकार द्वारा चर्चा के लिए तैयार रहने का दावा करते हुए आरोप लगाया कि इस मसले पर विपक्ष बार–बार सदन में अपना स्टैंड बदल रहा है।

शुक्रवार को संसद भवन में पत्रकारों से बात करते हुए मेघवाल ने कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। यह महिलाओं के सम्मान से जुड़ा हुआ मसला भी है। यह नॉर्थ ईस्ट राज्य से और सीमावर्ती राज्य से जुड़ा हुआ मसला भी है। संवेदनशील मसला है और वह विपक्ष से अनुरोध करेंगे कि वे इतने संवेदनशील मसले पर राजनीति नहीं करें और सदन में चर्चा होने दें।मेघवाल ने कहा कि सदन में चर्चा के दौरान सरकार भी अपनी बात रखेगी, विपक्ष भी अपनी बात रखेंगे और नोडल मिनिस्ट्री के मंत्री होने के तौर पर गृह मंत्री अमित शाह चर्चा का जवाब देंगे।

## राम रहीम को फिर 30 दिन की पैरोल, सिरसा आश्रम में एंट्री पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुष्कर्म और हत्या मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को एक बार फिर 30 दिन की पैरोल मिल गई है। जेल प्रशासन ने राम रहीम को सिरसा डेरे में जाने की इजाजत नहीं दी है। एक बार फिर उसे यूपी के बागपत में स्थिति बरनावा आश्रम में रहना पड़ेगा, जिसको लेकर बरनावा आश्रम की सुरक्षा बढ़ाई गई है और सिरसा से घोड़े और गाय पहुंचाई गई है। राम रहीम को सजा के दौरान मिली यह सातवीं पैरोल है। यहीं नहीं, इसी साल जनवरी में राम रहीम को 40 दिन की पैरोल मिली थी। उधर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने हत्या और दुष्कर्म जैसे संगीन आरोपों के तहत जेल में सजा काट रहे डेरा सिरसा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 30 दिन की पैरोल मिलने पर कड़ा एतराज जताया है।



बरनावा आश्रम में रहना होगा

एडवोकेट धामी ने कहा कि सरकार की इस दोहरी नीति से सिखों में अविश्वास का माहौल पैदा हो रहा है। अगर हत्या और बलात्कार जैसे अपराधों के आरोपी गुरमीत राम रहीम को बार–बार पैरोल दी जा सकती है, तो सरकार बंदी सिंहों की रिहाई के लिए सिख समुदाय द्वारा उठाई जा रही आवाज क्यों नहीं सुन रही है। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि सरकारें अपने राजनीतिक हितों के लिए गुरमीत राम रहीम के जघन्य अपराधों पर आंखें मूंद रही हैं और उसे बार–बार जाने दे रही हैं। सरकारों की ऐसी नीति सिखों को अलग–थलग महसूस कराने वाली है, जो देश के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरमीत राम रहीम की पैरोल तुरंत रद्द की जानी चाहिए और उसे जेल में बंद किया जाना चाहिए।

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर बाढ़ का संकट गहराते जा रहा है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर डेंजर लेवल को क्रॉस कर गया है। शुक्रवार को यमुना का जलस्तर 205.34 मीटर के पार पहुंच गया है जिससे यमुना के आसपास रहने वाले लोगों की चिंताए बढ़ बई गई हैं। दिल्लीवासियों ने हाल में ही भयंकर बाढ़ का सामना किया था जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए थे।

## बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट तेज

**पटना, एजेंसी ।** बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बहुत दिनों से चर्चा हो रही है, लेकिन दो दिनों से इसकी सुगबुगाहट तेज हो गई है। एक दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की मुलाकात को भी इसी से जोडक़र देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि इसबार के मंत्रिमंडल विस्तार में राजद और कांग्रेस के कोटे से मंत्री बनाए जा सकते है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के कोटे से मंत्री बनाए गए संतोष कुमार सुमन के इस्तीफा के बाद उनकी जगह जदयू से रत्नेश सदा को मंत्री बनाया गया है। इस कारण उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस और राजद कोटे से मंत्री बनाया जाए। पटना में 23 जून को हुई विपक्षी दलों की बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने नीतीश कुमार से आग्रह करते हुए कहा था कि कांग्रेस पार्टी से 2 मंत्री बनाए जाएं।

## सुप्रीम कोर्ट में राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसीः** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थानी भाषा को आधिकारिक भाषा की सूची में शामिल करने के बारे में केंद्र को निर्देश देने से संबंधित एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा कार्यपालिका के नीतिगत क्षेत्र के अंतर्गत आता है।



राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग खारिज

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने पहले के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मुद्दों पर सरकार और अन्य उपयुक्त संवैधानिक प्राधिकारियों को रिट जारी नहीं की जा सकती। पीठ ने कहा कि जिस राहत का अनुरोध किया जा रहा है वह राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की है। प्रतिवादी (सरकार) के वकील ने कन्हैया लाल सेठिया मामले में हमारे फैसले को रिकॉर्ड पर रखा हैङ्क हम इस विचार से सहमत हैंङ्क हम याचिका पर विचार करने से इनकार करते हैं।

पीठ ने रिपुदमन सिंह नामक एक वकील की ओर से दायर जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी अन्य और भाषाएं हो सकती हैं जिन्हें शामिल करने का अनुरोध किया जा सकता है। इस तरह के मामलों पर सिर्फ कार्यपालिका ही जवाब दे सकती है। संविधान की आठवीं अनुसूची में आधिकारिक भाषाओं की सूची शामिल है। संविधान की आठवीं अनुसूचि में आधिकारिक भाषाओं की सूची शामिल है।

## झारखंड के पलामू में तालाब में डूबकर एलकेजी की चार बच्चियों की मौत

**रांची एजेंसी ।** झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरजा गांव में तालाब में डूबने से चार बच्चियों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से गांव में कोहराम मचा है। लड़कियां उलदंडा गांव की रहने वाली हैं।वे पास के सरजा गांव स्थित स्कूल गईं थीं। देर शाम तक नहीं लौटीं तो परिजनों ने तलाश शुरू की। पता चला कि लड़कियां तालाब की ओर जाती दिखी थीं। तालाब में गोताखोरों ने तलाश शुरू की तो देर रात चारोङ्ग बच्चियों के शव बरामद कर लिए गए। मृत बच्चियों की उम्र 8 से 10 साल के बीच है। इनमें आराधना कुमारी, अर्चना कुमारी, सलमी कुमारी और छाया खाखा शामिल हैं।

## 81 साल के होने पर खडग़े को पीएम, राहुल, प्रियंका ने दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को 81 साल के होने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को शुभकामनाएं दीं।

मोदी ने एक ट्वीट में कहा, मल्लिकार्जुन खडग़े जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन मिले।

राहुल गांधी ने भी ट्विटर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुभवी नेता की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े जी को जन्मदिन की बहुत–बहुत शुभकामनाएं। आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा है। आपको ढेर सारा प्यार और अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं।

प्रियंका गांधी ने एक ट्वीट में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े जी को जन्मदिन की बहुत–बहुत शुभकामनाएं, अच्छा स्वास्थ्य और खुशी मिले। आपका ज्ञान और अनुभव देश भर के सभी कांग्रेसियों और महिलाओं के लिए ताकत का स्त्रोत है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी कांग्रेस अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष खडग़े जी को जन्मदिन की बधाई। आपको अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र का आशीर्वाद मिले।

## बीजेपी के आंदोलन से पहले बंगाल में बीडीओ दफ्तरों के पास धारा 144 लगाई

**कोलकाता , एजेंसी ।** राज्य में हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में हिंसा और खून–खराबे के खिलाफ पश्चिम बंगाल में सभी खंड विकास कार्यालयों (बीडीओ) के पास भाजपा के प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए, पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को सभी बीडीओ कार्यालयों के सामने सुबह 9 से शाम 5.30 बजे तक धारा 144 लगा दी है।

इस आशय का निर्णय इसलिए लिया गया, क्योंकि यह आंदोलन आज दोपहर मध्य कोलकाता में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के वार्षिक शहीद दिवस कार्यक्रम के साथ मेल खाता है। जिला मजिस्ट्रेटों और जिला अधीक्षकों ने इस संबंध में राज्य भर के बीडीओ कार्यालयों को निर्देश दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव की बड़ी लड़ाई से पहले यह इस तरह का आखिरी कार्यक्रम है, सारा ध्यान इस बात पर होगा कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंच से क्या संदेश देंगी।इस बीच, आज सुबह से ही कोलकाता में यातायात व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो गई है, क्योंकि सत्तारूढ़ दल के समर्थकों ने मध्य कोलकाता में रैली स्थल की ओर बढऩा शुरू कर दिया है।

## कनाडा में जंगल की आग से जूझते हुए हेलीकॉप्टर पायलट की मौत

**ओटावा , एजेंसी ।** कनाडा के अलबर्टा प्रांत में जंगल की आग से जुझते हुए दुर्घटना में एक हेलीकॉप्टर पायलट की मौत हो गई। देश में रिकॉर्ड गर्मी के बीच होने वाली यह तीसरी मौत है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पीस नदी क्षेत्र में मैनिंग शहर के दक्षिण–पूर्व में हुई दुर्घटना में घायल हुए 41 वर्षीय पायलट की मौत हो गई, हालांकि घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे वनकर्मियों ने जान बचाने की कोशिश की थी।

अधिकारियों को सबसे पहले शाम 6.15 बजे दुर्घटनास्थल पर एक इमरजेंसी बीकन से ट्रांसमिशन प्राप्त हुआ।

## दिल्ली में एक और बार देखने को मिलेगा सैलाबी मंजर!

### यमुना का जलस्तर फिर पहुंचा खतरे के निशान के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर बाढ़ का संकट गहराते जा रहा है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर डेंजर लेवल को क्रॉस कर गया है। शुक्रवार को यमुना का जलस्तर 205.34 मीटर के पार पहुंच गया है, जिससे यमुना के आसपास रहने वाले लोगों की चिंताए बढ़ बई गई हैं। दिल्लीवासियों ने हाल में ही भयंकर बाढ़ का सामना किया था, जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए थे।



दिल्ली में आई बाढ़ के बाद हजारों लोगों को अपने घरों को छोड़कर राहत कैंप में रहना पड़ा था। कई लोगों ने अपना सामान खो दिया। वहीं बहुत लोगों ने अपने जरूरी दस्तावेज भी खो दिए थे।

लोगों को हुए नुकसान को देखते हुए सीएम केजरीवाल ने बाढ़ पीड़ित परिवारों को 10 हजार रुपये मुआवजा देने का फैसला किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थानी भाषा को आधिकारिक भाषा की सूची में शामिल करने के बारे में केंद्र को निर्देश देने से संबंधित एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा कार्यपालिका के नीतिगत क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पीठ ने एक वकील की ओर से दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी अन्य और भाषाएं हो सकती हैं।

# एशेज 2023, चौथा टेस्ट : जैक क्रॉली की शानदार 189 रन की पारी ने इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया पर दिलाई बढ़त



मैनचेस्टर ,। यहां के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे एशेज 2023 टेस्ट के दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने 182 गेंदों में शानदार 189 रन बनाए और इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत स्थिति में ला दिया, स्टंप्स तक मेजबान टीम 67 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त के साथ 384–4 पर थी।

चौथे और पांचवें दिन मैनचेस्टर के मौसम पर नजर रखते हुए, क्रॉली ने सामने से इंग्लैंड की बल्लेबाजी का नेतृत्व किया, 12 चौके और अधिकतम 93 गेंदों में सनसनीखेज पहला एशेज शतक लगाया, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया हैरान रह गया था। सलामी बल्लेबाज की यह धमाकेदार पारी रही।

मिचेल स्टार्क द्वारा उन्हें आउट करने से पहले मोईन अली ने 54 रन की पारी खेलकर उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जाना सही ठहराया। क्रॉले और जो रूट (95 गेंदों पर 84 रन) ने मिलकर दूसरे सत्र में स्ट्रोक–प्ले का असाधारण प्रदर्शन करते हुए 25 ओवरों में 178 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड ने दिन के खेल में बढ़त बना ली, जिससे ऑस्ट्रेलिया सुस्त हो गया।दूसरे सत्र में इंग्लैंड का रन–रेट आश्चर्यजनक रूप से 7.16 था, जिससे यह मौजूदा श्रृंखला में एक सत्र में सबसे अधिक रन बन गया। क्रॉली और रूट ने मिलकर अली का विकेट गिराया, जिससे मैच का रुख इंग्लैंड के पक्ष में होने का आधार तैयार हो गया। रूट पूरी ताकत से मैदान पर उतरे और गति बढने के साथ क्रॉली भी इसमें शामिल हो गए।लंच के बाद दोनों ने बाड़ पर लगातार प्रहार करके ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण को भारी दबाव में डाल दिया। क्रॉले को कैमरून ग्रीन द्वारा 189 रन पर आउट करने से पहले दोहरा शतक पूरा हुआ। इसके तुरंत बाद जोश हेज़लवुड की गेंद ज्यादा उछाल नहीं लेने और उसे कास्ट करने के कारण रूट गिर गए।क्रॉली और रूट ने केवल 178 गेंदों पर 206 रनों की साझेदारी की, जिससे यह टेस्ट इतिहास में उच्चतम रिकॉर्ड रन–रेट के साथ दोहरी शतकीय साझेदारी बन गई। ओवर रन–ए–बॉल में केवल छह दोहरी शतकीय साझेदारियां दर्ज की गई हैं, जिसमें क्रॉली खुद पिछले साल पाकिस्तान में शामिल थे, जब उन्होंने और बेन डकेट ने रावलपिंडी में 214 गेंदों पर 233 रन बनाए थे।

क्रॉली का स्ट्राइक रेट 103.85 है जो एशेज की 150 या उससे अधिक रनों की पारी में दूसरा सबसे बड़ा स्ट्राइक रेट है। ऑस्ट्रेलिया के महान विकेटकीपर–बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट एजबेस्टन 2001 में 106.29 के स्ट्राइक रेट से 143 गेंदों में 152 रन बनाकर शीर्ष स्थान पर हैं। क्रॉले द्वारा बनाया गया शानदार 189 रन घरेलू एशेज टेस्ट में इंग्लैंड के किसी सलामी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया चौथा सबसे बड़ा स्कोर है।सुबह के सत्र में जेम्स एंडरसन ने दिन की पहली गेंद पर पैट कमिंस को आउट किया, इससे पहले क्रिस वोक्स ने जोश हेज़लवुड को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की पारी 317 रन पर समेटकर पांच विकेट लिए।

बेन डकेट के स्टार्क से जल्दी हारने के बाद क्रॉली और अली ने लंच के समय इंग्लैंड को 61–1 से आगे कर दिया। अली 3000 रन और 200 विकेट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 16वें पुरुष टेस्ट क्रिकेटर भी बन गए।लंच के बाद अली और क्रॉली की साझेदारी बढक़र 121 हो गई, इससे पहले कि स्टार्क ने क्रॉली को आउट किया। उसके बाद क्रॉली और रूट ने खेल और गति को अपने चरम पर पहुंचा दिया, जिससे दर्शकों को बज़्बॉल शैली में टेस्ट क्रिकेट का एक रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला।

क्रॉली और रूट के पांच ओवर में आउट होने के बाद हैरी ब्रूक (नाबाद 14) और बेन स्टोक्स (नाबाद 24) ने इंग्लैंड को बाकी दिन मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

दूसरे दिन नाथन लियोन की हार का ऑस्ट्रेलिया को अधिक अहसास होने के अलावा, वे स्टार्क की फिटनेस को लेकर भी चिंतित होंगे, क्योंकि मिड–ऑन पर ब्रूक ड्राइव को रोकने की कोशिश करते समय उनके बाएं कंधे में चोट लग गई थी, जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा।

# मैं दूसरे टेस्ट में सतह पर अधिक घास की उम्मीद कर रहा हूं : आकाश चोपड़ा



नई दिल्ली ,। भारत पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद और टोबैगो के चेंस पार्क ओवल में शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा।

दोनों टीमें एक–दूसरे के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगी और यह मैच विराट कोहली का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच भी होगा।

दूसरे टेस्ट की अगुवाई में, जियोसिनेमा विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने कहा, अगर यह ऐसी पिच है जो डोमिनिका की पिच के समान है, तो मैं देखता हूं कि तेज गेंदबाजों में से एक को आराम दिया जाएगा और अक्षर पटेल अंतिम ग्यारह में खेलेंगे। लेकिन मैं यह भी उम्मीद कर रहा हूं कि सतह पर थोड़ी अधिक घास होगी, सतह पर थोड़ी अधिक नमी होगी। अगर ऐसा मामला है, तो यह वही ग्यारह हो सकता है जो डोमिनिका में खेला था, दूसरे टेस्ट मैच में भी खेल सकता है।

अभिनव मुकुंद को लगा कि भारतीय टीम ज्यादा बदलाव नहीं करेगी।

डोमिनिका में उस प्रभावशाली जीत के बाद, मुझे नहीं लगता कि बहुत अधिक बदलाव होंगे। लेकिन अगर कोई है, तो मैं एक तेज गेंदबाज को आते देखना चाहूंगा, नवदीप सैनी या मुकेश कुमार जैसा कोई, उनके जैसा कोई जो तीसरे सीमर की भूमिका निभा सकता है। लेकिन यह भी असंभव लगता है, कमोबेश, मुझे लगता है कि भारत उसी ग्यारह के साथ जाएगा।

हालाँकि, सैयद सबा करीम का मानना है कि यह सब सतह पर निर्भर करता है और कहा, अगर डोमिनिका में हमने जो देखा, वैसा ही ट्रैक पोर्ट ऑफ स्पेन के लिए तैयार किया जाता है, तो मुझे उम्मीद है कि तीसरे स्पिनर अक्षर पटेल टीम में शार्दुल ठाकुर की जगह आएंगे। यदि वेस्टइंडीज का थिंक टैंक तेज गति के अनुकूल ट्रैक पर चलता है, तो इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत शार्दुल ठाकुर के स्थान पर नवदीप सैनी या मुकेश कुमार को ला सकता है।

# भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में 99वें स्थान पर पहुंची



नई दिल्ली ,। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम जारी नवीनतम फीफा रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढक़र 99वें स्थान पर पहुंच गई है।

ब्लू टाइगर्स 2023 में अजेय हैं और उन्होंने कैलेंडर वर्ष में हीरो ट्राई–नेशन कप, हीरो इंटरकांटिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप जीतकर तीन ट्रॉफियां हासिल की हैं।सुनील छेत्री एंड कंपनी अपने पिछले ग्यारह मैचों में अजेय है और इस दौरान उसने सात मैच जीते हैं। मुख्य कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में राष्ट्रीय टीम इस साल के अंत में होने वाले फीफा विश्व कप चलीफायर और जनवरी 2024 में एएफसी एशियन के साथ सही समय पर फॉर्म हासिल कर रही है। भारतीय टीम ने पांच साल बाद दोहरे अंक की रैंकिंग हासिल की है और आने वाले महीनों में उसे और ऊपर चढने की उम्मीद है।भारत अगली बार सितंबर में एक्शन में आएगा, जब वे किंग्स कप में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड की यात्रा करेंगे और उसके बाद विश्व कप चलीफायर शुरू होने से पहले मर्डेका टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मलेशिया का दौरा करेंगे।इस प्रकार ब्लू टाइगर्स एक्शन से भरपूर और महत्वपूर्ण महीनों में प्रवेश करेंगे, क्योंकि वे एशिया के सबसे बड़े मंच पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना चाहते हैं।

# विश्व कप में खेलना बहुत खास एहसास होता है : शिखर धवन



मुंबई ,। भारत के अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि एक खिलाड़ी के लिए वनडे विश्व कप में भाग लेना एक बहुत ही विशेष एहसास है, जिसे कई लोग क्रिकेट के सबसे बड़े चरणों में से एक मानते हैं।

वनडे विश्व कप का आगामी संस्करण 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में आयोजित किया जाएगा।

धवन ने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 50 से अधिक वैश्विक आईसीसी टूर्नामेंटों में उनका उत्कृष्ट रिकॉर्ड है। उन्होंने 2013 और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी और पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 2015 और 2019 संस्करणों में छह शतक सहित 65.15 की औसत से 1238 रन बनाए हैं।धवन ने यहां पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की आधिकारिक फिल्म के लॉन्च के मौके पर कहा, जब आप विश्व कप में खेलते हैं तो यह एक बहुत ही खास एहसास होता है और जब आप द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे होते हैं तो आप इसी के लिए तैयारी करते हैं। आपका मुख्य उद्देश्य वह होता है या जब विश्व कप आने वाला होता है। इसलिए हम खुद को परिपच् बना रहे हैं। द्विपक्षीय श्रृंखला एक चरण–दर–चरण (प्रक्रिया) की तरह है। आप बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए छोटे कदम उठाते हैं और निश्चित रूप से, यह एक बिल्कुल अलग एहसास है।

उन्होंने कहा, जब पहली बार मेरा नाम विश्व कप टीम में आया तो मैं ठीक था और आप खुद से कहते हैं कि इतिहास में नाम आ गया है कि विश्व कप भी खेले हैं (इतिहास में इसका उल्लेख मिलता है कि उन्होंने विश्व कप में भी भाग लिया है)। इसलिए एक क्रिकेटर के तौर पर यह बहुत बड़ी बात है और यह बहुत अच्छा अहसास है। साथ ही बहुत दबाव भी है।

2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मंच पर डेब्यू करने वाले धवन ने आगे युवा पीढ़ी के बल्लेबाजों की मानसिकता और बिना किसी दबाव के खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने की उनकी क्षमता के बारे में बात की।

धवन ने कहा, यह देखना वाकई अच्छा है। जीवन में बदलाव ही एकमात्र स्थिर चीज है। आपको समय के साथ तालमेल बिठाना होगा। यह देखना अच्छा लगता है कि कैसे खिलाड़ी नई रणनीतियों और सोचने के नए तरीकों के साथ आए हैं। यहां तक कि... हमने भी ऐसा किया है। इतने लंबे समय से खेल रहे हैं, हम सभी युवा खिलाडिय़ों से बहुत प्रेरित होते हैं जब वे कुछ नए शॉट लेकर आते हैं, और व्यक्तिगत रूप से मैं पूछता हूं आपने इसे कैसे खेला?

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने एक उदाहरण को याद किया जहां उन्होंने मनमौजी बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शॉट्स में से एक को सीखने की कोशिश की थी।

उन्होंने कहा, मैं स्काई से पूछ रहा था, उसने वह छक्का मारा और मैंने उससे पूछा तुम क्या करते हो, यार?। तो उसने कहा, मैं बस झुकता हूं और मैं यह करता हूं। मैंने कहा कि मैं नेट्स में इसे आजमाने जा रहा हूं साथ ही, क्योंकि आप जितने अधिक उपकरण ले जा सकते हैं, यह आसान हो जाता है और यह एक अद्भुत मानसिकता है।

उस समय की तुलना करते हुए जब उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था और इस प्रारूप को खेलने के आधुनिक दृष्टिकोण से, 37 वर्षीय बल्लेबाज ने बताया कि कैसे युवाओं की मानसिकता खेल में गेम–चेंजर बन रही है।

धवन ने कहा, सोच प्रक्रिया व्यापक हो रही है। पहले हमारे कोच हमें मैदान में नीचे खेलने के लिए कहते थे, आपको बड़े शॉट खेलने की ज़रूरत नहीं है। इसलिए, हम उस तरह की मानसिकता के साथ बड़े हुए थे, लेकिन अब जब आप किसी युवा को आते देखते हैं, वे बस जाएंगे और खुद को अभिव्यक्त करेंगे।

## फिल्मी दुनियां

# हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन से सामने आई आलिया भट्ट की पहली झलक



आलिया भट्ट नेटफ्लिक्स फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन से हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं और प्रशंसक फिल्म में उनकी भूमिका देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं।हालांकि अब यह स्पष्ट हो गया है कि अभिनेत्री अपने करियर में पहली बार खलनायक की भूमिका निभा रही है, यह भी देखना बाकी है कि वह आउट–एंड–आउट एक्शन दृश्यों को कैसे निभाती है।फिल्म में अभिनेत्री गैल गैडोट और जेमी डोर्नन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी।

नेटफ्लिक्स फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन के साथ अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म में आलिया भट्ट अपने करियर में पहली बार एक खलनायक की भूमिका निभा रही हैं। अब निर्माताओं ने हार्ट ऑफ स्टोन से आलिया का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर आलिया की पहली झलक साझा की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आलिया भट्ट हमारे दिल और दिल को हैक करने आ रही हैं।

एक्शन फिल्म में अभिनेत्री के किरदार का नाम केया धवन होगा। इस हाई–स्टेक जासूसी के केंद्र में आलिया है, जो एक रहस्यमय हैकर का किरदार निभा रही है जो सभी बाधाओं को नियंत्रित करती है।

राचेल स्टोन (गैल गैडोट) एक अनुभवहीन तकनीकी विशेषज्ञ है, जो प्रमुख एजेंट पार्कर (जेमी डोर्नन) की अध्यक्षता वाली एक विशिष्ट एमआई6 इकाई में है। उसकी एमआई6 टीम को यह नहीं पता कि स्टोन वास्तव में चार्टर के लिए काम करता है – एक गुप्त शांति स्थापना संगठन, जो अन्य जासूसों से भी गुप्त है, जो वैश्विक खतरों को बेअसर करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करता है।

एक अभूतपूर्व फील्ड एजेंट जो मिशन पर कायम रहता है, संख्याओं का पालन करता है, और किसी पर भरोसा नहीं करता है। जब रहस्यमय हैकर कीया धवन (आलिया भट्ट) द्वारा एक नियमित मिशन को पटरी से उतार दिया जाता है, तो रेचेल की दो जिंदगियां टकरा जाती हैं। चूँकि वह चार्टर की रक्षा के लिए दौड़ती है और बाधाओं को हराने का प्रयास करती है, उसकी मानवता ही उसकी सबसे बड़ी संपत्ति हो सकती है। यह फिल्म 11 अगस्त को केवल नेटफ्लिक्स पर अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगी।

### अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड का पहला गाना ऊंची ऊंची वादी जारी

अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड 2 का हाल ही में टीजर आउट हुआ था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। वहीं आज यानी 18 जुलाई को फिल्म का पहला गाना ऊंची ऊंची वादी रिलीज हुआ है, जो इंटरनेट पर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। फिल्म मेकर्स ने सोमवार को इस गाने का पहला पोस्टर रिलीज किया था और आज यह गाना रिलीज हो गया। इस गाने में में पंकज त्रिपाठी भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। वहीं अक्षय कुमार शिव के रूप में दिखाई दे रहे हैं। इस गाने को सुनकर सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए हैं। इस सॉन्ग को फेमस सिंगर हंसराज रघुवंशी ने गाया है।

इस फिल्म में अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका में नजर आ रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म का टीजर और पोस्टर जारी किए थे। कई लोग इस बात के कयास लगा रहे हैं कि फिल्म का विषय समलैंगिकता पर आधारित है। ओएमजी 2 का निर्देशन अमित राय ने किया है। वह भी इस फिल्म की रिलीज की प्रतीक्षा कर रहे है। ओएमजी 2 में पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी अहम किरदार में नजर आएंगे है। एक्ट्रेस वकील के रूप में दिखाई देंगी।

# बारबाड गाने की शूटिंग के दौरान लगातार रोती रहीं संदीपा धर



अभिनेत्री संदीपा धर ने खुलासा किया है कि कैसे वह बारबाड गाने के लिए अपने किरदार की दुखद यात्रा में पूरी तरह से डूब गई थीं और शूटिंग के दो दिन लगातार रोते हुए बिताए थे। एक भावनात्मक यात्रा का वादा करते हुए, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी, यह मधुर ट्रैक संदीपा का अब तक का सबसे दिल छू लेने वाला प्रदर्शन प्रस्तुत करता है। अपने अनुभव को साझा करते हुए, संदीपा ने साझा किया: बारबाड वास्तव में मेरे लिए एक विशेष गीत है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने तीव्र भावनाओं को व्यक्त करने में असुरक्षित महसूस किया है, लेकिन साथ ही इसने चुनौतीपूर्ण पात्रों में ढलने के लिए मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाया है। खुद को पूरी तरह से ढूंढना अपने किरदार की दुखद यात्रा में डूबे हुए, मैंने शूटिंग के दो दिन लगातार रोते हुए बिताए। दिल्ली में दो दिनों तक फिल्माई गई बारबाड में संदीपा के साथ अभिषेक बजाज और अक्षय चौहान भी हैं। यह गाना एक लडक़ी की कहानी बताता है जब वह अपने शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार करने वाले प्रेमी के दिल दहला देने वाले विश्वासघात को सहती है। बारबाड उन लड़कियों के अनुभवों को उजागर करता है जो प्यार से बुरी तरह टूट गई हैं,

# वरुण धवन की बवाल का नया गाना दिलों की डोरियां हुआ रिलीज




जाह्नवी कपूर और वरुण धवन की अपकमिंग फिल्म बवाल रिलीज के बेहद नजदीक है। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद गाने जारी किए जा रहे है। अब 18 जुलाई को फिल्म का लेटेस्ट ट्रैक बवाल रिलीज किया गया है।जाह्नवी कपूर और वरुण धवन ने बीते दिन बवाल के गाने दिलों की डोरियां की अपडेट अपने सोशल मीडिया पेजे पर शेयर की थी। वहीं, अब गाना रिलीज कर दिया है, जो एक रोमांटिक सॉन्ग है।

बवाल के दिलों की डोरियां सॉन्ग को विशाल मिश्रा, जहरा खान और रोमी ने गाया है। वहीं, गाने को कंपोज तनिष्क बागची ने किया है, जबकि लिरिक्स अराफत महमूद ने लिखा है। दिलों की डोरियां को टी–सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है।

बवाल की रिलीज डेट अब तक कई बार बदली जा चुकी है। फिल्म पहले थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज को बदलते हुए इसे ओटीटी पर स्ट्रीम करने की घोषणा कर दी। जाह्नवी कपूर और वरुण धवन स्टारर बवाल 21 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर वर्ल्डवाइड स्ट्रीम की जाएगी। बवाल का डायरेक्शन नेशनल अवॉर्ड विनर निर्देशनक नितेश तिवारी ने किया है।

# रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने फिर मिलाया हाथ, राम चरण और तृषा भी देंगे साथ



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की जोड़ी को प्रशंसक फिल्मी पर्दे पर ही नहीं असल जिंदगी में भी बेहद पसंद करते हैं। दोनों जब भी बड़े पर्दे पर साथ नजर आए हैं, कमाल ही किया है। अब एक बार फिर से दीपिका और रणवीर एक प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं, जिसमें उनके साथ राम चरण और तृषा कृष्णन भी नजर आएंगे। अभी प्रोजेक्ट से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन प्रशंसक टीजर देखकर खुश हो गए हैं।

दरअसल, रणवीर ने इंस्टाग्राम पर अपने नए प्रोजेक्ट का एक टीजर साझा किया है। इसकी शुरुआत दीपिका से होती है, जो अपने लापता पति की तलाश के लिए पुलिस स्टेशन में शिकायत करने पहुंची हैं। रणवीर एक एजेंट के किरदार में हैं, जो कुछ जानकारी मिलने के बाद एक्शन मोड में आते हैं और एक आदमी के साथ मारपीट करते नजर आते हैं। इनके अलावा राम एक आदमी का पीछा कर रहे हैं तो तृषा पुलिस स्टेशन के बाहर हैं।वीडियो के साथ लिखा है कि उल्टी गिनती शुरू हो गई है क्योंकि 5 जुलाई को सीक्रेट सामने आएगा। ऐसे में प्रशंसक भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कोई दीपिका और रणवीर को फिर से साथ देखने के लिए खुश है तो किसी ने पूछा कि दोनों फिल्म के लिए ही साथ आए हैं? एक ने लिखा, प्लीज, ये कोई ऐड नहीं होना चाहिए तो दूसरे ने लिखा, साथ में सीन नहीं होने के बाद भी आपकी केमिस्ट्री कमाल है। रणवीर और दीपिका कई फिल्मों और विज्ञापनों में साथ नजर आ चुके हैं। दोनों पहली बार गोलियों की रासलीला: राम–लीला में दिखाई दिए थे। इसके बाद संजय लीला भंसाली की ही बाजीराव मस्तानी और पद्मावती में दोनों मुख्य भूमिका में नजर आए। आखिरी बार 2021 में 83 में दोनों साथ दिखे थे और ऐसे में अब ये वीडियो देखने के बाद प्रशंसक काफी खुश हो गए हैं।

जयन्त

संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com